23:08:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 230 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण, शुक्लपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2080




## विदुर नीति

द्वाविमौ पुरुषव्याघ्र परप्रत्यय कारिणौ।
स्त्रियः कामितकामिन्यो लोकः पूजितपूजकः॥

भावार्थ : किसी अन्य स्त्री द्वारा चाहे गये पुरुष को अगर अन्य स्त्रियां चाहती हों तो वे स्त्रियां और दूसरों द्वारा पूजित व्यक्ति ये दोनों अपने बुद्धि विवेक से कार्य न करके दूसरों के विश्वास पर चलते हैं। अर्थात् सुनी सुनाई बातों को ही मान लेते हैं।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.15 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.27 बजे

## चंद्रयान-3 चन्द्रमा पर उतरने के लिए तैयार

**चेन्नई:** भारतीय चन्द्र मिशन चंद्रयान-3 बुधवार को चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। चंद्र मिशन, चन्द्रयान 3 सफलतापूर्वक अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और चंद्रयान लैंडर मॉड्यूल (एलएम) 23 अगस्त की शाम छह बजकर 04 मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरेगा। अब तक, मिशन पूरी तरह से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और सभी की निगाहें अब लैंडिंग पर हैं, जो सफल होने पर, भारत को उन देशों के विशिष्ट समूह में शामिल कर देगा जिनमें अमेरिका, रूस और चीन शामिल हैं। इसरो वैज्ञानिक आधी रात से ही चंद्रयान-3 मिशन पर नज़र रख रहे हैं। गौरतलब है कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग से कुछ ही घंटे पहले इसरो ने एक मील का पत्थर हासिल किया जब ऑर्बिटर ले जाने वाले चंद्रयान-2 ने कल चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) का औपचारिक स्वागत किया। इसरो ने सोमवार को चंद्रयान-3 की लैंडिंग से पहले, लैंडर हैज़र्ड डिटेक्शन एंड अवॉइडेंस कैमरा (एलएचडीएसी) द्वारा ली गई चंद्र सुदूर क्षेत्र की तस्वीरें जारी कीं। इसरो ने कहा कि दूसरा डीबूस्टिंग और अंतिम ऑपरेशन रविवार सुबह 0200 बजे किया गया और एलएम निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करेगा

## रोहतास में कार से 30 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

**डेहरी ऑन सोन:** बिहार में रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र में मंगलवार को कार से 30 किलोग्राम गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने आज यहां बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दिनारा थाना क्षेत्र में एक वाहन से गांजा तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही दिनारा थाने की पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने थाना क्षेत्र के कुंड चौक के पास वाहनों को रोक कर तलाशी शुरू की। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में सासाराम की ओर से आ रहे एक संदिग्ध होंडा सिटी कार को रोकने का इशारा किया गया। लेकिन वाहन चालक द्वारा कार को तेजी से भगाने का प्रयास किया गया। पुलिस की तत्परता से उक्त वाहन को पकड़ लिया गया। श्री कुमार ने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के मीठोपुर निवासी धनंजय कुमार, डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डिलिया निवासी अनूप कुमार व नटवार थाना क्षेत्र के महीरोढ गांव निवासी सोनू कुमार को 30 किलो 26 ग्राम गांजा, 1लाख 99500रुपए नगद बरामद किया गया। कार एवं चार मोबाइल जप्त किया गया। तीनों के अपराधिक इतिहास का पता किया जा रहा है।

## आत्मसमर्पण करेंगे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन:** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में गुरुवार को अटलांटा में खुद को अधिकारियों के हवाले कर देंगे। जॉर्जिया राज्य में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने के कथित प्रयासों को लेकर ट्रंप और 18 अन्य को 14 अगस्त को दोषी ठहराया गया था। श्री ट्रंप पर 13 मामलों का आरोप लगाया गया था। फुल्टन काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी फानी विलिस द्वारा ढाई साल की जांच के बाद अभियोग लगाया गया। जांच जनवरी 2021 के एक फोन कॉल से ऑडियो लीक होने के बाद शुरू की गई थी, जिसके दौरान ट्रम्प ने जॉर्जिया के राज्य सचिव ब्रैड रैफेंसपर्गर से हजारों मतपत्रों की वैधता पर सवाल उठाने का आग्रह किया था, खासकर भारी डेमोक्रेटिक अटलांटा क्षेत्र में। श्री ट्रंप ने कहा कि वह राज्य में 2020 में अपनी हार को मिटाने के लिए वोट ढूंढना चाहते थे। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अटलांटा के एक न्यायाधीश ने श्री ट्रंप के खिलाफ चुनाव हस्तक्षेप मामले में सोमवार को उन्हें 200,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत दी। जॉर्जिया मामला पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ लाया जाने वाला चौथा आपराधिक मामला है। श्री ट्रंप को 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को पलटने की साजिश रचने और फ्लोरिडा के पाम बीच में अपने मार-ए-लागो एस्टेट में वर्गीकृत दस्तावेजों को गलत तरीके से संभालने के लिए अलग-अलग संघीय आरोपों का सामना करना पड़ रहा है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

### समुद्री दैत्य को खोजने के सबसे बड़े अभियान की तैयारी

# सौ साल से स्कॉटलैंड के पानी में इसे देखे जाने की चर्चा जारी है

- नब्बे साल पहले किसी ने देखने का दावा किया
- बीच में कई बार इसके होने की अफवाह फैली
- पहली बार आधुनिक उपकरणों से होगी जांच

**राष्ट्रीय खबर**

**स्कॉटलैंड :** एक कथित जल दानव को लोगों ने लोच नेस राक्षस का नाम दिया है। इसके पानी में होने की चर्चा या यूं कहें कि अफवाह लगातार फैलती रही है। इसके बाद भी ऐसे किसी जीव के वहां की गहराई में होने की वैज्ञानिक पुष्टि नहीं हो पायी है। इसके बाद अब इस दैत्य के अस्तित्व को स्वीकारने वाले 50 वर्षों के सबसे बड़े अभियान की तैयारी कर रहे हैं। स्कॉटलैंड के सबसे बड़े रहस्य के पीछे की सच्चाई को जानने और खोजने की कोशिश में अगले सप्ताहांत में अलौकिक चीजों में रुचि रखने वाले शौकिया जासूस अपनी स्क्रीन पर नजर आएंगे। जापान और न्यूजीलैंड जैसे दूर-दराज से राक्षस शिकारी लंबे समय से चली आ रही बहस को निपटाने की उम्मीद में स्कॉटलैंड के लोच नेस की लाइवस्ट्रीम देख रहे होंगे कि प्रसिद्ध राक्षस, जिसे प्यार से नेस्सी नाम दिया गया है, वास्तव




में मौजूद है या नहीं। लोच नेस मॉन्स्टर की किंवदंती प्राचीन काल से चली आ रही है, हालाँकि कहानी ने वास्तव में 1933 के बाद गति पकड़ी जब स्कॉटिश प्रेस में ड्रैगन या प्रागैतिहासिक राक्षस को देखे जाने की सूचना मिली। इस खबर ने कई जांचों को प्रेरित किया, जिनमें से अधिकांश को तब से अफवाह के रूप में बदनाम कर दिया गया है।

लोच नेस सेंटर के प्रबंधक पॉल निक्सन ने बताया कि लगभग 100 स्वयंसेवक झील के तट पर जीवन के संकेतों की तलाश करेंगे, जबकि लगभग इतनी ही संख्या में फिर से दूर से साइट का सर्वेक्षण किया जाएगा। स्वयंसेवक, जो अभी भी ऑनलाइन भाग लेने के लिए साइन अप कर सकते हैं, उन्हें अपनी आँखें खुली रखनी होंगी क्योंकि वे झील के चारों ओर रणनीतिक बिंदुओं पर चार वेबकैम से लिए गए फुटेज पर ध्यान केंद्रित करते हैं। निक्सन ने कहा, स्वयंसेवक पानी पर नजर रखेंगे। अगर उन्हें कुछ दिखता है, तो उम्मीद है कि वे इसे फिल्माएंगे और फिर इसे हमारे ऑनलाइन पोर्टल पर जमा करेंगे।

लोच नेस ब्रिटिश द्वीपों में पानी के सबसे बड़े निकायों में से एक है, जिसकी लंबाई 22 मील और गहराई 750 फीट से अधिक है। 1.9 मिलियन डॉलर की नवीनीकरण परियोजना के बाद इस साल की शुरूआत में फिर से खोला गया केंद्र, पुराने ड्रमनाड्रोचिट होटल की साइट पर स्थित है, जहां 90 साल पहले इसकी तत्कालीन प्रबंधक एल्डी मैके ने पहली बार एक जल दैत्य देखने की सूचना दी थी। प्रत्येक सुबह

» शेष पेज 2 पर

**निर्देश** › मोदी की पहल पर संशोधित दिशा-निर्देश जारी

# पूर्वोत्तर के विकास के लिए केंद्र सरकार गंभीर: मोदी

- केंद्र ने 3202.7 करोड़ रुपये मंजूर किये
- सौ प्रतिशत वित्तपोषण वाली केंद्र की योजना

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा है कि केन्द्र सरकार पूर्वोत्तर के विकास के प्रति गंभीर है। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों से पूर्वोत्तर भारत अपने विकास की नई इबारत लिखने को तैयार है। पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ साल में क्षेत्रीय परिषदों की बैठकों में पूर्वोत्तर के विकास के लिए तकरीबन एक हजार से ज्यादा मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया था और इनमें से 93 प्रतिशत का समाधान भी हुआ है। यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिये 8,139.50 करोड़ रुपए की मंजूरी प्राप्त पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास



योजना (एनईएसआईडीएस) को आगे बढ़ाया जा रहा है। कैबिनेट से मंजूरी प्राप्त इस योजना में दो घटक एनईएसआईडीएस- सड़क और एनईएसआईडीएस- सड़क अवसंरचना से इत्तर (ओटीआरआई) हैं। यह 100 प्रतिशत वित्तपोषण के साथ केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है। पूर्ववर्ती पूर्वोत्तर सड़क क्षेत्र विकास योजना (एनईआरएसडीएस) का एनईएसआईडीएस - सड़क घटक में विलय करने सहित सरकार के अन्य फैसलों को देखते हुये पुनर्गठित एनईएसआईडीएस को 15वें वित्त आयोग की शेष अवधि के दौरान अमल में लाने और उसकी व्यवस्था के लिये नये दिशानिर्देश तैयार करना जरूरी हो गया था। यही वजह है कि एनईएसआईडीएस के दोनों घटकों की योजनाओं को अमल में लाने और उनका प्रबंध देखने के लिये नये तैयार दिशानिर्देश अब जारी कर दिये गये हैं। इन्हें जारी करने से पहले हितधारकों के साथ और आंतरिक तौर पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। एनईएसआईडीएस का उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों में परिवहन संपर्क स्थापित करने सहित पहचान वाले क्षेत्रों में अवसंरचना विकास को समर्थन देना है। प्रधानमंत्री कार्यालय से दिए हुए बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुए केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भी 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिये 3,202.7 करोड़ रूपए की कुल योजना के साथ ह्यएनईसी योजनाओंह्न को जारी रखने को मंजूरी दी है। एनईसी योजनाओं के लिये भी विस्तृत चर्चा और विचार विमर्श के बाद नये दिशानिर्देश जारी कर दिये गये हैं।उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं का उद्देश्य एक तरफ जहां विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों के प्रयासों को पूरा करना है वहीं दूसरी तरफ पूर्वोत्तर राज्यों में महसूस की जा रही ऐसी विकास/कल्याणकारी गतिविधियों को पूरा करना है जो कि केन्द्रीय योजनाओं के दायरे में नहीं हैं। उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की योजनायें पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों की उनकी जरूरतों के मुताबिक शुरू की गई योजनाओं को पूरा करने में मदद करना है। उदाहरण के तौर पर इनमें कनेक्टिविटी संबंधी अवसंरचना विकास योजनाओं और सामाजिक क्षेत्र की कमियों को दूर करने और आजीविका और रोजगार के अवसर बढ़ाने जैसी योजनाओं को समर्थन दिया जाता है।

### थ्री इडियट्स फिल्म की शूटिंग यही हुई थी

## राहुल गांधी पर टिप्पणी कर फंस गये भाजपा नेता




- फिल्म में दिखी थी वहां की शानदार सड़क
- इसे वर्ष 2009 में रिलीज किया गया था
- पवन खेड़ा ने कहा टेंडर पेपर दिखाओ

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को लद्दाख के कारदुंग ला दर्रे का दौरा किया। लेह से लगभग 40 किलोमीटर दूर और श्योक और नुब्रा घाटियों के प्रवेश द्वार, उच्च ऊंचाई वाले पहाड़ी दर्रे पर बाइक की सवारी करते समय उन्होंने स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की। यह दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़कों में से एक है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, केरल के वायनाड से सांसद श्री गांधी गुरुवार को लद्दाख पहुंचे और उनके 25 अगस्त तक वहां रहने की उम्मीद है। कई सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में, कांग्रेस नेता अन्य बाइकर्स के साथ खारदुंग ला पहुंचते और उनके साथ फोटो खिंचवाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस बीच प्योगौंग

» शेष पेज 2 पर

### मोदी दक्षिण अफ्रीका, यूनान की यात्रा पर रवाना

## जोहान्सबर्ग में आयोजित 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण अफ्रीका एवं यूनान की चार दिवसीय यात्रा पर आज रवाना हो गये जिस दौरान पर जोहान्सबर्ग में आयोजित 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी सुबह करीब दस बजे पालम वायुसैनिक हवाई अड्डे से विशेष विमान से रवाना हुए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दक्षिण अफ्रीका की 2 दिवसीय यात्रा के दौरान वह ब्रिक्स-अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन संपूर्ण वैश्विक दक्षिण और विकास के अन्य क्षेत्रों के लिए चिंता के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मंच प्रदान करेगा। श्री मोदी ने रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा, मैं दक्षिण अफ़्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर 22 से 24 अगस्त 2023 तक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ़्रीका गणराज्य का दौरा कर रहा हूं।

» शेष पेज 2 पर

### अफसर संबंधी एसओपी के मसौदे पर मुख्य न्यायाधीख चंद्रचूड़ की टिप्पणी

# केंद्र सरकार अदालतों पर हुक्म चलाना चाहती है

- पांच पन्ने का प्रस्ताव भेजा है सरकार ने
- सरकारी अफसरों के साथ नर्मी की बात
- मामूली बात पर उन्हें परेशान ना करे अदालत

**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा है कि सरकार से संबंधित मामलों में न्यायिक आचरण के संबंध में केंद्र सरकार के मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के मसौदे को ऐसा पढ़ा जाता है जैसे कि केंद्र अदालतों द्वारा न्यायिक समीक्षा की प्रक्रिया को निर्देशित करना चाहता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, मैंने आपके एसओपी के मसौदे का अध्ययन किया है। इसमें कुछ बिंदु हैं जो वास्तव में बताते हैं कि न्यायिक समीक्षा कैसे की जानी चाहिए। केंद्र सरकार पिछले हफ्ते पांच पन्नों का एक मसौदा एसओपी लेकर आई थी, जिसमें न्यायपालिका से कहा गया



था कि विभिन्न मामलों में अदालत में बुलाए गए सरकारी अधिकारियों के साथ अधिक सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए, खासकर अदालत की अवमानना के मामलों में। नोट में कहा गया है कि जिन मामलों में सरकार एक पक्ष है, उनमें न्यायिक कार्यवाही के संबंध में व्यापक प्रस्तावों का एक सेट सुझाते हुए सरकारी अधिकारियों को मामूली कारणों के लिए बुलाया जा रहा है। एसओपी नोट के मसौदे पर सीजेआई की टिप्पणियों का जवाब देते हुए, सरकार की ओर से मेहता ने यह स्पष्ट करने की मांग की कि न्यायिक समीक्षा की अदालतों की शक्ति को बदलने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि विचाराधीन नोट केवल यह बताता है कि कैसे मुख्य सचिवों सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को अदालतों द्वारा मामूली कारण के लिए तलब किया जा रहा है। सीजेआई सरकार के इस विचार से सहमत हुए कि सरकारी अधिकारियों को अदालतों द्वारा कैसे बुलाया जाना चाहिए, इस पर व्यापक मानदंड तय करने की आवश्यकता है। उन्होंने एसओपी के मसौदे में दिए गए तर्क से भी सहमति जताई कि जब मामला अभी भी अपील में लंबित है तो अदालतों को अधिकारियों को बुलाने पर रोक होनी चाहिए। नोट में बताया गया है कि किस तरह न्यायाधीश अदालतों में जाते समय ड्रेस कोड का पालन न करने पर अधिकारियों की खिंचाई करते हैं। एसओपी के मसौदे में

» शेष पेज 2 पर

**पर्यावरण** › अमेरिका के दस फीसद अमीर करते हैं 40 फीसद ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन

# आम लोग झेल रहे अमीरों की धन की लालच का कहर

- अमीरों को हो रही कमाई झेल रहे हैं गरीब
- ग्रीन हाउस गैस से धरती में प्रदूषण बढ़ा
- तीस साल के आंकड़ों का विश्लेषण किया

**राष्ट्रीय खबर**



वैज्ञानिक और पर्यावरणविद लंबे समय से जानते हैं कि खपत - जिस मात्रा और प्रकार का भोजन हम खाते हैं, जो वाहन हम चलाते हैं और जो भी सामान हम खरीदते हैं - वह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से निकटता से जुड़ा हुआ है। पारंपरिक पर्यावरण नीति ने या तो खपत को सीमित करने या इसे अधिक पर्यावरण के अनुकूल तरीकों में निर्देशित करने की मांग की है: लाल मांस को पौधे-आधारित आहार से बदलना या इलेक्ट्रिक वाहन के लिए गैस-गजलर को बदलना।

**रांची:** पूरी दुनिया में इनदिनों मौसम के बदलाव को लेकर चिंता है। कहीं अत्यधिक बारिश तो कही अत्यधिक गर्म मौसम ने आम लोगों को भी इस बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया है। इसके बीच ही वैज्ञानिक यह आशंका जता चुके हैं कि धरती में पीने लायक पानी भी तेजी से कम होता जा रहा है। इसके बीच यह जानकारी सामने आयी है कि इस प्रदूषण का अधिकांश हिस्सा उन अमीरों की वजह से है, जिनके कल कारखानों से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन हो रहा है। अमेरिका में हुए शोध के मुताबिक अमेरिका के 40 प्रतिशत ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिए अमेरिका के सबसे धनी 10 प्रतिशत जिम्मेदार हैं।

मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय के नेतृत्व में एक नए अध्ययन से पता चलता है कि सबसे धनी अमेरिकी, जिनकी आय उन्हें कमाई करने वालों के शीर्ष 10 प्रतिशत में रखती है, देश के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के 40 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं। पीएलओएस क्लाइमेट में प्रकाशित अध्ययन आय, विशेष रूप से वित्तीय निवेश से प्राप्त आय को उस आय को उत्पन्न करने में उपयोग किए जाने वाले उत्सर्जन से जोड़ने वाला पहला अध्ययन है। लेखकों का सुझाव है कि नीति निमार्ता वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने के लक्ष्य को समान रूप से पूरा करने के लिए शेयरधारकों और निवेश आय की कार्बन तीव्रता पर केंद्रित करों को अपनाएं। एमहर्स्ट के स्थिरता वैज्ञानिक और नए अध्ययन के मुख्य लेखक जेरेड स्टार कहते हैं, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को सीमित करने के लिए उपभोग-आधारित दृष्टिकोण प्रतिगामी हैं। वे गरीबों को असमान रूप से दंडित करते हैं जबकि अत्यधिक अमीरों पर बहुत कम प्रभाव डालते हैं। जो अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा बचत और निवेश करते हैं। उपभोग-आधारित दृष्टिकोण कुछ महत्वपूर्ण चूक जाते हैं: कार्बन प्रदूषण आय उत्पन्न करता है, लेकिन जब उस आय को आवश्यकताओं पर खर्च करने के बजाय शेयरों में

» शेष पेज 2 पर

## एफ 16 से यूक्रेन युद्ध अब और तेज होगा: रूस

**एजेंसियां**



**मॉस्को:** रूस ने नीदरलैंड और डेनमार्क द्वारा यूक्रेन को अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमानों की डिलीवरी की घोषणा की निंदा की है। मॉस्को ने सोमवार को चेतावनी दी कि इस फैसले से यूक्रेन में चल रहा युद्ध और बढ़ जाएगा। रविवार को डेनमार्क और नीदरलैंड ने घोषणा की कि वे यूक्रेन को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करेंगे। पहले चरण में अगले साल की शुरूआत में छह लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जाएगी। घोषणा की निंदा करते हुए डेनमार्क में रूसी राजदूत व्लादिमीर बार्बिन ने कहा कि यूक्रेन को 19 एफ-16 देने के डेनमार्क के फैसले से संघर्ष बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि डेनमार्क के पास रूस के साथ सैन्य संघर्ष जारी रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं था, इस आधार के पीछे छिपा कि यूक्रेन को शांति के लिए शर्तें तय करनी होंगी। डेनमार्क के रक्षा मंत्री जैकब एलेमैन-जेन्सेन ने दावा किया कि यूक्रेन केवल अपने क्षेत्र में एफ-16 का

» शेष पेज 2 पर

**शहर >> अपडेट**

### निशिकांत दुबे ने किया राज कुमार झा की पुस्तक

**रांची:** राज कुमार झा की नई पुस्तक संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा , स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य , नगरपालिका , औधोगिक प्रशिक्षण परीक्षा में उपयोगी एग्जाम गुरु पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग चैप्टर वाइज वस्तुनिष्ठ खोरठाह्व का विमोचन गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने देवघर में किया। डॉ निशिकांत दुबे ने राज कुमार झा की इस नई कृति को विद्यार्थियों को समर्पित करते हुए कहा कि झारखंड की प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सम्पूर्ण जानकारी से भरी यह पुस्तक निश्चय ही विद्यार्थियों के लिए पठनीय है।

### केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री को दीपक प्रकाश का पत्र, झारखंड़ में बायो-सीएनजी प्लांट लगाने की रखी मांग, कहा

# सात शहरों में प्लांट लगने से बढ़ेगा रोजगार





राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने झारखंड की राजधानी रांची सहित अन्य जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, दुमका, मेदिनीनगर व चाईबासा में बायो- सीएनजी प्लांट लगाने का आग्रह किया है। दीपक प्रकाश ने अपने पत्र में लिखा कि सीबीजी को विश्व स्तर पर हरित ईंधन के रूप में मान्यता प्राप्त है।

आनेवाले दिनों में बायो - सीएनजी भारत के भविष्य का ईंधन बन सकता है। जो न केवल भारत के प्राकृतिक गैसों के आयात पर आने वाले खर्च को कम कर सकता है बल्कि देश में कचरे से निपटने में भी मदद कर सकता है। श्री प्रकाश ने झारखंड़ में बढ़ती ऊर्जा आवश्यकता को देखते हुए झारखंड़ में बायो- सीएनजी प्लांट की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने लिखा है कि बायो- सीएनजी प्लांट लगने से कचरे का निपटारा और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आएगी साथ ही साथ रोजगार सृजन का नया आयाम स्थापित होगा। अपने पत्र में लिखा है कि झारखंड में रांची, जमशेदपुर,धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, दुमका, मेदिनीनगर व चाईबासा में जैव - सीएनजी संयंत्र की स्थापना होने से यह परियोजना अन्य शहरों के लिए प्रेरणा का काम करेगी। अपने पत्र में सांसद दीपक प्रकाश ने जिक्र किया है कि जैव - सीएनजी संयंत्र लगने से स्वच्छ भारत अभियान के तहत कई शहरों में भूमि के विशाल हिस्से से कचरे के ढेर को हटाने का प्रयास भी होगा। साथ ही कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के उपयोग से कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने, किसानों की आय, मवेशी पालने वाले ग्रामीणों की आय के स्रोत और उद्यमिता बढ़ाने में मददगार साबित होगा। साथ ही झारखंड़ को अपनी कुल ऊर्जा में प्राकृतिक गैसों का योगदान बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### पीएम के चेहते मंत्रियों के विभागों में भ्रष्टाचार उजागर

# कहां हैं जांच एजेसियां : सुप्रियो

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झामुमो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को झामुमो कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि पीएम के निगरानी वाले भारत माला प्रोजेक्ट, उनके चहेती मंत्री स्मृति इरानी के विभाग, स्वास्थ्य मंत्रालय, वित्त विभाग और रेल मंत्रालय में करोड़ों रुपये की अनियमितता का खुलासा उनके ही गुजरात कैडर के अधिकारी ने कैग रिपोर्ट में किया है। मगर केंद्रीय जांच एजेंसियों को यह नहीं दिख रहा है। इससे यह साबित होता है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां किसके इशारे पर और किसके फायदे के लिए काम करती हैं। जहां भी बनी सरकार को गिराना है या फिर चुनाव के पहले उसे अपने पाले में लाना है, उसके खिलाफ जांच एजेंसियां लगा दी जाती हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण महाराष्ट्र है, जहां दागी नेताओं को अपने पाले में जांच एजेंसियों के माध्यम से किया गया। यहां तक की उपमुख्यमंत्री तक बना दिया गया।सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 में एक जुमला कहा था, ना खाऊंगा न खाने दूंगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लाल किले से कई तरह के झूठ और फरेब जनता के समक्ष परोसा। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हर दिन देश में विकास का काम हो रहा है। प्रतिदिन 250 किमी सड़क बन रही है। हर महीने एक मेडिकल कॉलेज खुल रहा है। हर महीने एक एम्स बन रहा है। मगर प्रधानमंत्री और भाजपा को बताना चाहिए कि आयुष्मान भारत के नाम पर करोड़ों-अरबों रुपये की अनियमितता कैसे हो गयी।

### केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया की सभी राज्यों के कृषि मंत्री के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग

# खाद का फ्रेट रेट कम करने की जरूरत : बादल



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्री बादल ने केंद्रीय रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया के साथ हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में झारखंड के किसानों की बात रखते हुए कहा कि राज्य में सभी किसानों को उचित कीमत और समय पर खाद उपलब्ध हो सके, उसके लिए साहेबगंज, लोहरदगा और जमशेदपुर अथवा चाईबासा में रैक प्वाइंट का निर्माण अति आवश्यक है। श्री बादल आज नेपाल हाउस स्थित कांफ्रेंस हाल में केंद्रीय मंत्री से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात कर रहे थे। श्री बादल ने कहा कि रैक प्वाइंट निर्माण की बात उन्होंने पिछले वर्ष भी रखी थी, लेकिन अभी तक इस विषय पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य एक सेमी हिल एरिया है। जिस वजह से फर्टिलाइजर का फ्रेट रेट काफी ज्यादा बढ़ जाता है और इसका सीधा बोझ यहां के किसानों पर पड़ता है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अपील की कि फ्रेट रेट में संशोधन कर झारखंड जैसे सेमी हिल एरिया को राहत दी जाए। वर्तमान में जो फ्रेट रेट है, वह काफी कम है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी राज्य के कई जिले सुखाड़ की चपेट में हैं। अब तक मात्र 38 प्रतिशत ही भूमि पर आच्छादन हुआ है, जबकि औसत से करीब 53 फीसद बारिश कम हुई है। नैनो यूरिया और ऑर्गेनिक फार्मिंग के संबंध में उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि झारखंड राज्य पूर्व से ही ऑर्गेनिक फार्मिंग की ओर कदम बढ़ा चुका है। साथ ही नैनो यूरिया का एक नया प्लांट झारखंड में लगाया गया है।

### रैक प्वाइंट के निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री ने किया आश्वस्त

रांची :केंद्रीय मंत्री रासायनिक एवं उर्वरक, डॉ मनसुख मंडाविया ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा किसानों के हित में और उन्हें समृद्धि की ओर ले जाने की मांग पर गंभीरता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेश में नैनो यूरिया और ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ाने की जरूरत है, ताकि अपनी माटी को सुरक्षित किया जा सके। देश के पास करीब डेढ़ लाख मीट्रिक टन फर्टिलाइजर उपलब्ध है। मांग के अनुरूप सभी राज्यों को फर्टिलाइजर उपलब्ध कराया जाएगा। सभी राज्य किसानों को कृषि के लिए जागरूक करें और यह सुनिश्चित करें कि यूरिया का डायवर्सन न हो। अगर राज्य यूरिया पर निर्भरता कम करते हैं, तो इससे बचने वाली राशि के 50 फीसदी से किसान हित में कई नई योजनाएं संचालित होंगी। साथ ही मिट्टी को भी सुरक्षित रख सकेंगे। विडियो कांफ्रेंसिंग में विभागीय सचिव श्री अबु बकर सिद्दीकी के अलावा फर्टिलाइजर से जुड़े कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 2019 लोकसभा चुनाव परिणाम डुमरी में दोहरायेगा एनडीए गठबंधन:बाबूलाल मरांडी



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** फुसरो स्थित16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय मे मंगलवार को बाबूलाल मरांडी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 2019 लोकसभा चुनाव परिणाम डुमरी मे एनडीए गठबंधन दोहरायेगा। कहां की डुमरी उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी काफी मतों से जीतेगी। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार ने राज्य में नाम बदल-बदल कर काफी मात्रा में गरीब आदिवासियों की जमीन लूटी है। बाबूलाल ने कहा कि जब राज्य का सीएम ही फ्रॉडिज्म कर रहा तो जनता का क्या होगा। ऐसे व्यक्ति के सीएम रहते राज्य से अपराध और लूट कैसे खत्म होगा। इसीलिए भाजपा को इस भ्रष्टाचारी और लुटेरी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेना पड़ा। बाबूलाल ने कहा कि इस राज्य में भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है।

राज्य प्रायोजित भ्रष्टाचार है। अफसर बेलगाम है। सरकारी कार्यालय में बिना रिश्वत कोई काम नहीं होता है। हेमंत सरकार सिर्फ आदिवासियों के नाम पर राजनीति कर रही है। आदिवासी मुख्यमंत्री के राज्य में सिर्फ आदिवासी ही लूटे जा रहे हैं। कहा कि ईडी की जांच होती है तो सीएम कहते हैं कि आदिवासी हैं, इसलिए तंग किया जा रहा है। वे खुद को आदिवासियों का मसीहा कहते हैं। अगर कुछ गलत नहीं किया है तो ईडी को जाकर सबकुछ सच क्यों नहीं बताते। मौके पर राज्यसभा सांसद सह संगठन महामंत्री आदित्य साहू, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी,16वीं लोकसभा के सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, पूर्व मंत्री छत्रु महतो, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, पूर्व 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायक, पूर्व जिला अध्यक्ष अंबिका खवास, जिला मंत्री विक्रम पांडेय सहित जयदेव राय, संत सिंह दिनेश पांडे, टुनटुन तिवारी, वैभव चौरसिया, दिनेश कुमार सिंह ,भाई प्रमोद सिंह ,अशोक सिंह, मेहंदी सिन्हा, मनोज कुमार, मनोज रवानी, मदन खुराना, सुरजीत चक्रवर्ती, जितेंद्र सिंह, सुबोध सिंह, आशुतोष कुमार, दीपक गिरि आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## जिला जज भर्ती परीक्षा को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सुप्रीम कोर्ट में जिला जज भर्ती परीक्षा के रिजल्ट में गड़बड़ी की जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार और झारखंड हाईकोर्ट को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दायर करने का निर्देश दिया। प्राथियों के अधिवक्ता की ओर से बहस के दौरान बताया गया कि वे मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू में सफल हुए हैं। इसके बावजूद सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं की जा रही है।दरअसल झारखंड जिला जज भर्ती परीक्षा दो चरणों में ली गई थी। लिखित परीक्षा 4 सितंबर 2022 को रांची में हुई थी, जिसमें लगभग 2000 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इस परीक्षा में 66 अभ्यर्थी को 14 फरवरी 2023 को झारखंड हाईकोर्ट के आदेश से सफल घोषित किया गया था। इनका 12,13 और 14 मार्च को रांची में इंटरव्यू हुआ था। इंटरव्यू में सफल घोषित अभ्यर्थियों सुशील कुमार पांडे, राजीव कुमार, हरिओम कुमार, प्रतीक चतुवेर्दी, रणधीर कुमार सिंह, पिंकी सिंह और अजय शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

**जनअदालत** विधानसभा क्षेत्रों में जाकर सुनेंगे जनता की समस्याएं

# हर सोमवार को कांग्रेस कोटे के मंत्री करेंगे जनसुनवाई



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्य में हेमंत सोरेन सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री अपने-अपने प्रभार वाले छह जिलों में जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को दूर करेंगे। इसके साथ ही हर सप्ताह के सोमवार को रांची के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भी जनसुनवाई करेंगे। कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ चारों मंत्रियों की बैठक में जनसुनवाई की रूपरेखा तय की गई।बैठक में यह तय हुआ कि अब हर सप्ताह के सोमवार को एक मंत्री कांग्रेस भवन में जन शिकायतों को दूर करने के लिए जनसुनवाई करेंगे।

वहीं बाकी के तीन मंत्री अपने प्रभार वाले जिले के किसी न किसी विधानसभा क्षेत्र में जनता की समस्या सुनेंगे और उसे दूर करेंगे। इसके अलावा अगर कोई मंत्री प्रदेश कार्यालय में किसी कारण से उपलब्ध नहीं रहते हैं तो उनकी जगह कोई और मंत्री जनसुनवाई करेगा।

इसके अलावा बैठक में यह भी तय हुआ कि सभी इंडिया दलों के नेता बेहतर समन्वय बनाकर डुमरी उपचुनाव में झामुमो उम्मीदवार बेबी देवी को जीत दिलाने का काम करेंगे।बैठक के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि जो शेड्यूल जनसुनवाई का बना है, उसके अनुसार अगले सोमवार यानी 28 अगस्त को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जनसुनवाई करेंगे। उसके बाद वाले सोमवार को मंत्री रामेश्वर उरांव, फिर आलमगीर आलम और अंत मे बादल पत्रलेख कांग्रेस भवन में जनसुनवाई करेंगे। यही क्रम लगातार चलता रहेगा।

आलमगीर आलम ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के पदभार संभालने के बाद जनता दरबार शुरू किया गया था, जो हर शनिवार को कांग्रेस भवन में लगता था। लेकिन जिस तरह से सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गई उससे इसमें बाधा आयी।कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों के साथ हुई बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्वीकार किया कि पूर्व में भी जनता दरबार की जो व्यवस्था शुरू की गई थी वह किसी न किसी वजह से लक्ष्य तक नहीं पहुंची। ऐसे में अब जनसुनवाई की रूपरेखा तय की गई है। कांग्रेस आलाकमान की इच्छा है कि हमारे मंत्री जनता के समस्याओं को दूर करने के प्रति क्रियाशील रहें। हर सप्ताह, हर महीने जब हमारे मंत्री और विधायक जनता के बीच होंगे तो निश्चित ही उसका सकारात्मक असर होगा। उन्होंने कहा कि जो विधानसभा बच जाएंगे वहां कांग्रेस के विधायक जनसुनवाई कर जनता की समस्या दूर करेंगे।

## पेज एक का शेष

### सौ साल से स्कॉटलैंड...

स्वयंसेवकों को बताया जाएगा कि किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिसमें लाल झुंड और अन्य समुद्री गतिविधियों के संकेत शामिल हैं जिन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। आयोजकों का कहना है कि 1972 में लोच नेस इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एलएनआईबी) द्वारा लोच का अध्ययन करने के बाद से यह सबसे बड़ी सतह घड़ी है, जब स्वयंसेवक भी पौराणिक जानवर की तलाश में थे - लेकिन उच्च तकनीकी उपकरणों के बिना। इस कार्यक्रम में ऐसे सर्वेक्षण उपकरण शामिल होंगे जिनका पहले कभी भी वहां उपयोग नहीं किया गया है, जैसे कि इन्फ्रारेड कैमरों का उपयोग करके हवा से चित्र बनाने के लिए थर्मल ड्रोन और पानी के नीचे ध्वनिक संकेतों का पता लगाने के लिए एक हाइड्रोफोन। निक्सन ने कहा, इस बार हमारी खोज में जो बात अलग है वह यह है कि जाहिर तौर पर हमारे स्वयंसेवक मोबाइल फोन से लैस होंगे और किसी भी गतिविधि को अधिक सटीक और अधिक नियमित रूप से पकड़ने में सक्षम होंगे।

### आम लोग झेल रहे ....

पुनर्निवेश किया जाता है, तो यह उपभोग के अधीन नहीं है- आधारित कार्बन टैक्स। इस पहेली को हल करने के लिए, स्टार और उनके सहयोगियों ने 30 वर्षों के डेटा को देखा, सबसे पहले 2.8 बिलियन से अधिक अंतर-क्षेत्रीय वित्तीय हस्तांतरण वाले डेटाबेस को तैयार किया और इन लेनदेन के माध्यम से कार्बन और आय के प्रवाह का अनुसरण किया। इससे उन्हें दो अलग-अलग मूल्यों की गणना करने की अनुमति मिली: आपूर्तिकर्ता-आधारित और उत्पादक-आधारित आय का ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन। आपूर्तिकर्ता-आधारित उत्सर्जन उन उद्योगों द्वारा निर्मित होते हैं जो अर्थव्यवस्था को जीवाश्म ईंधन की आपूर्ति करते हैं। उदाहरण के लिए, जीवाश्म ईंधन कंपनियों द्वारा जारी परिचालन उत्सर्जन वास्तव में काफी कम है, लेकिन वे दूसरों को तेल बेचकर भारी मुनाफा कमाते हैं जो इसे जलाएंगे। उत्पादक-आधारित उत्सर्जन वे हैं जो सीधे व्यवसाय के संचालन से ही जारी होते हैं - जैसे कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्र। इन दो आंकड़ों को हाथ में लेकर, स्टार और उनके सह-लेखकों ने अपने उत्सर्जन डेटा को एक अन्य डेटाबेस के साथ जोड़ा जिसमें 5 मिलियन से अधिक अमेरिकियों के लिए विस्तृत जनसांख्यिकीय और आय डेटा शामिल था। यह डेटाबेस सक्रिय आय - रोजगार के माध्यम से अर्जित मजदूरी या वेतन - को निष्क्रिय रूप से उत्पन्न निवेश आय से अलग करने वाले आय स्रोतों को पार्स करता है। टीम ने पाया कि 40 प्रतिशत से अधिक अमेरिकी उत्सर्जन शीर्ष 10 प्रतिशत के आय प्रवाह के लिए जिम्मेदार थे, बल्कि उन्होंने यह भी पाया कि शीर्ष 1 प्रतिशत कमाने वाले अकेले देश के उत्सर्जन का 15 - 17 प्रतिशत उत्पन्न करते हैं।

### राहुल गांधी पर....

झील तक जाने के उनके वीडियो पर कई भाजपा नेताओं ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के शासन में बनी इस सड़क को दिखाने के लिए ही सही राहुल गांधी का धन्यवाद। इसी बात पर सोशल मीडिया पर अनेक यूजर्स ने भाजपा नेताओं को इस बात की याद दिला दी कि यह सड़क पहले भी हिंदी फीचर फिल्म थ्री इडियट्स में दिखायी गयी थी। इसी बात पर कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेडा ने भाजपा नेताओं से इस सड़क के निर्माण का टेंडर पेपर दिखाने का मांग कर दी। उनके मुताबिक इस पेपर से ही स्पष्ट हो जाएगा कि यह किसके शासनकाल की देन है। राहुल गांधी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक फोटो कैरोसेल में स्थानीय लोगों के साथ श्री गांधी की बातचीत, लद्दाख के पहाड़ी इलाके में ड्राइविंग और कुछ गिटारवादकों को प्रोत्साहित करने के स्नैपशॉट हैं। अपने प्रवास के दौरान वह कारगिल मेमोरियल का दौरा करेंगे और युवाओं से बातचीत करेंगे। श्री गांधी 25 अगस्त को 30 सदस्यीय लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी)-कारगिल चुनाव की बैठक में भी भाग लेंगे। भाजपा द्वारा इस सड़क का श्रेय लिये जाने के बाद लोगों ने बताया कि अमीर खान की सुपरहिट फिल्म थ्री इडियट्स 25 दिसंबर 2009 में रिलीज हुई थी। लद्दाख की पैंगोंग झील ही वह जगह जहां आमिर खान, करीना कपूर के साथ 3 इडियट्स का अंत फिल्माया गया था इसके जरिए बताया गया है कि दरअसल भाजपा जिस सड़क को बनाने का श्रेय लेने का दावा कर रही है, उस सड़क को लोग वर्ष 2009 में भी देख चुके हैं और तब यह भाजपा सरकार की देन नहीं थी।

### एफ 16 से यूक्रेन ....

उपयोग करेगा। उन्होंने कहा, हम यूक्रेन को हथियार सप्लाई कर रहे हैं तो शर्त यह है कि उनका इस्तेमाल सिर्फ अपने इलाके से दुश्मनों को खदेड़ने के लिए किया जाएगा। उससे ज्यादा कुछ नहीं। ये हैं शर्ते यह शर्त लड़ाकू विमानों पर भी लागू होती है। डेनमार्क कुल 19 लड़ाकू विमान उपलब्ध कराएगा। नीदरलैंड के पास कुल 42 एफ -16 हैं। अभी यह तय नहीं हुआ है कि सबकुछ यूक्रेन को दिया जाएगा या नहीं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की लंबे समय से सहयोगियों से उन्नत लड़ाकू विमानों की मांग कर रहे हैं। लेकिन सहयोगी दल विभिन्न कारणों से इस मुद्दे को टाल रहे थे। यह मुद्दा तब और अधिक दबावपूर्ण हो गया जब यूक्रेन में मास्को की सेना के खिलाफ अपेक्षित जवाबी कार्रवाई शुरू हुई। जेलेंस्की ने रविवार को नीदरलैंड के आइंडहोवन हवाई अड्डे की यात्रा के दौरान डच प्रधान मंत्री मार्क रूट से मुलाकात की। वहां उन्होंने कहा, एफ-16 की डिलीवरी हमारे लिए एक ऐतिहासिक, शक्तिशाली रूप से प्रेरक निर्णय है।

### जोहान्सबर्ग में आयोजित....

दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जोहान्सबर्ग में आयोजित होने वाला यह 15वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स विभिन्न क्षेत्रों के लिए एक मजबूत सहयोग एजेंडा अपना रहा है। हम इस बात को महत्व देते हैं कि ब्रिक्स विकास की अनिवार्यताओं और बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार सहित संपूर्ण ग्लोबल साउथ की चिंता के मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने का एक मंच बन गया है। यह शिखर सम्मेलन ब्रिक्स को भविष्य के सहयोग वाले क्षेत्रों की पहचान करने और संस्थागत विकास की समीक्षा करने का एक उपयोगी अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, जोहान्सबर्ग में अपने प्रवास के दौरान, मैं ब्रिक्स-अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग कार्यक्रम में भी भाग लूंगा जो ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की गतिविधियों के हिस्से के रूप में आयोजित किया जाएगा। मैं उन अनेक अतिथि देशों के साथ बातचीत करने की प्रतीक्षा कर रहा हूं जिन्हें इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। मैं जोहान्सबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने के लिए भी उत्सुक हूं। श्री मोदी ने यूनान की यात्रा के बारे में कहा, यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस के निमंत्रण पर, मैं 25 अगस्त 2023 को दक्षिण अफ्रीका से यूनान की राजधानी एथेंस की यात्रा करूंगा। इस प्राचीन भूमि की यह मेरी पहली यात्रा होगी। मुझे 40 वर्ष बाद यूनान की यात्रा करने वाला पहला भारतीय प्रधानमंत्री होने का सम्मान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि हमारी दोनों सभ्यताओं के बीच संपर्क दो सहस्राब्दियों से पुराना है। आधुनिक समय में, लोकतंत्र, कानून के शासन और बहुलवाद के साझा मूल्यों से हमारे संबंध मजबूत हुए हैं। व्यापार और निवेश, रक्षा और सांस्कृतिक तथा लोगों के बीच संपर्क जैसे विविध क्षेत्रों में सहयोग दोनों देशों को करीब ला रहा है। उन्होंने यूनान की यात्रा से अपने बहुआयामी संबंधों में एक नया अध्याय खुलने की आशा व्यक्त की।

### केंद्र सरकार अदालतों .....

तर्क देने की कोशिश की गई है, सरकारी अधिकारी अदालत के अधिकारी नहीं हैं और उनके सभ्य कार्य पोशाक में उपस्थित होने पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, जब तक कि ऐसी उपस्थिति गैर-पेशेवर या उनके पद के लिए अशोभनीय न हो। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपने आदेश को केवल सरकारी अधिकारियों को समन जारी करने के पहलू तक ही सीमित रखेगा, और कुछ नहीं। एसओपी के मसौदे में उल्लिखित विभिन्न मुद्दों के बीच, सरकार ने कहा कि अदालतों को केवल अपनी विशेषज्ञ समितियों की एक व्यापक संरचना निर्धारित करनी चाहिए और इन समितियों के लिए सदस्यों को ढूंढने सहित तौर-तरीकों को सरकार पर छोड़ देना चाहिए। यह याद किया जा सकता है कि शीर्ष अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति के प्रत्येक सदस्य का नाम तय करने पर जोर दिया था। सप्रे अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच करेंगे। मसौदा नोट में यह भी कहा गया है कि अदालतों को सार्वजनिक नीति के मुद्दों से संबंधित मामलों में दिशानिदेर्शों के संबंध में सरकार को कुछ छूट देनी चाहिए। सरकार ने कहा कि न्यायिक आदेशों के अनुपालन के लिए, जिसमें जटिल नीतिगत मुद्दे शामिल हैं, समय के साथ-साथ मंत्रालयों से अनुमोदन और बड़े स्तर पर परामर्श की आवश्यकता होगी। नोट में यह भी रेखांकित किया गया है कि न्यायाधीश अपने ही आदेश से संबंधित अवमानना कार्यवाही की सुनवाई करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ होगा। इसके बजाय, इसमें कहा गया है कि अवमानना कार्यवाही का सामना करने वालों को किसी अन्य न्यायाधीश द्वारा सुनवाई की मांग करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, और अदालतों को किसी विशेष परिणाम पर जोर नहीं देना चाहिए, खासकर कार्यकारी क्षेत्र से संबंधित मामलों पर। मसौदा नोट में कहा गया था कि यह देखा जाना चाहिए कि क्या कोई न्यायिक आदेश अवमानना के मामलों में लागू करने योग्य है। सरकार का कहना है कि इस तरह के ड्राफ्ट एसओपी के पीछे का विचार न्यायपालिका और सरकार के बीच अधिक अनुकूल और अनुकूल माहौल बनाना है। उसे उम्मीद है कि एसओपी का मसौदा सरकारी तंत्र द्वारा न्यायिक आदेशों के अनुपालन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करेगा और साथ ही अदालतों और सरकार दोनों के लिए समय और संसाधनों की बचत करेगा।

## शहर >> अपडेट

### अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**तमाड़ :** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर करवाई करते हुए अवैध रूप से चलाए जा रहे अवैध महुआ शराब भट्ठी को नष्ट कर दिया।थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि तिलाई पीढ़ी में अवैध रूप से भारी मात्रा में देशी महुआ शराब बनाकर बाजार में बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने करवाई करते हुए अवैध शराब की भट्ठी को तहस-नहस कर डाला ।

## क्राइम शॉर्ट अपडेट्स >>

### पेड़ पर रस्सी के फंदे से झूलता युवक का शव पुलिस ने किया बरामद

**कसमार :** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टांगटोना के तेलचीपा स्थित एक महुआ के पेड़ पर युवक का शव रस्सी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। शव की पहचान टांगटोना गांव के कोचाकुलही निवासी मकरू महतो के 26 वर्षीय पुत्र सिंटु कुमार महतो के रूप में हुई। जानकारी के मुतबिक मंगलवार को जब गांव के लोग शौच के लिए सुबह निकले हुए थे, उसी वक्त स्थानीय लोगों की नजर महुआ के पेड़ पर फंदे से झूलते शव पर पड़ी। शव की पहचान सिंटू कुमार महतो के रूप में होने के बाद मृतक के घरवालों को सूचना दी गई। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था तथा उसका एक तीन वर्षीय पुत्र भी है। मृतक की शादी पेटरवार थाना क्षेत्र के पुरनापानी में हुआ था। मृतक सिंटु कुमार महतो सोमवार की शाम को जल्दी खाना खाकर टहलने के लिए निकला हुआ था। जब देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर घरवालों ने पास पड़ोस तथा गांव के अंदर लगभग सभी जगहों पर खोजने के बाद कोई पता नहीं चल पाया था। पेड़ पर झूलता शव की सूचना पंचायत प्रतिनिधि व कसमार पुलिस को मंगलवार दी गयी। सूचना मिलते ही कसमार थाना प्रभारी उज्जवल पांडेय व अन्य पुलिस पदाधिकारी समेत दलबल मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा तथा प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए चास अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### रामेश्वर उरांव ने लगाई जनता दरबार सुलझाई जनसमस्या

**लोहरदगा :** सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूवात लोहरदगा प्रखंड के हेसल पंचायत में ग्रामीण जनता से मुलाकात किए और उनकी समस्याओं से अवगत हुए , और प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं का समाधान किया ग्रामीणों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्या को रखा मौके पर मंत्री ने सिविल सर्जन से बात कर उनकी परेशानियों को दूर करने की बात कर सभी कर्मचारियों को दुरुस्त करने की बात कही।ग्रामीणों ने सड़क मार्ग, पेयजल आपूर्ति,सिंचाई संबंधित समस्याओं को भी रखा जिसे माननीय मंत्री ने सभी समस्याओं का समाधान के लिए भरोसा दिलाया। इसके पश्चात लोहरदगा प्रखंड के हेसल पंचायत अंतर्गत कुज्जी ग्राम में कुज्जी विद्यालय से ग्राम बसारडिह तक 1.20 कि मी पथ का शिलान्यास किया और कहा वर्षो से यह सड़क काफी जर्जर स्थिति में थी जिससे आवागमन बाधित होता था परन्तु तीन महीने के अंदर यह बन कर तैयार होगा और आवागमन सुगम होगा यह स्थानीय जनता की प्राथमिक मांग थी जिसे हमने पूरा किया और आगे भी जिले में हरेक जर्जर सड़क को बनवाने का काम करेंगे इस कार्यक्रम के उपरांत कुडू प्रखंड अंतर्गत बड़की चापी पंचायत के ग्राम जरियो में विधायक निधि से पड़हा भवन स्थित पीसीसी पथ का उद्घाटन किया एवं पड़हा भवन में विधायक निधि से टाईल्स फ्लोर नवनिर्माण का उद्घाटन किया और कहा यह हमारी सांस्कृतिक ,धार्मिक,और सांस्कृतिक पहचान है इससे बढ़ाने के लिए हम अपने पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर का वितरण जगह जगह करेंगे जिससे सांस्कृतिक विरासत को बचाया जा सके, हमारी सरकार चहुमुखी विकास के लिए तत्पर है विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गो का विकास हो रहा है ।

---

**कार्यशाला** डीपीएस में कौशल पाठ योजना पर कार्यशाला आयोजित

# शिक्षकों ने सीखी पढ़ाई में विद्यार्थियों की जिज्ञासा जगाने की कला

● सबसे पहले हमें यह पता लगाना चाहिए कि विद्यार्थियों को क्या पसंद है:प्राचार्य

● बच्चों में ज्ञान, कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण को विकसित करना है

राष्ट्रीय खबर




**बोकारो:** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास में 21वीं सदी के कौशल पाठ योजना तैयार करने के विषय पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन क्रिसेंट पब्लिक स्कूल गोविंदपुर, धनबाद के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने शिक्षकों को कई टॉपिक पर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि हम विद्यार्थियों का भविष्य तैयार करने के लिए अपनी कक्षाओं में क्या सकारात्मक बदलाव कर सकते हैं। इस पर हमें विचार करने की जरूरत है। सबसे पहले हमें यह पता लगाना चाहिए कि विद्यार्थियों को क्या पसंद है और क्या चीज उन्हें प्रभावित करती है। पढ़ाई के दौरान यही उनकी जिज्ञ-ासा को जगाएगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य देश के बच्चों में ज्ञान, कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण को विकसित करना है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से की गई। मौके पर डीपीएस चास की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि बच्चों को पढ़ाने से पहले हमें पढ़ाई के तरीके के बारे में सीखने की जरूरत है। वहीं अपने संदेश में स्कूल की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया तेजी से बदल रही है, वैसे-वैसे नए छात्रों के लिए आवश्यक कौशल भी बदल रहे हैं। भविष्य में विभिन्न जगहों पर काम करने के लिए 21वीं सदी के कौशल की आवश्यकता होगी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय प्रशन मंच का हुआ आयोजन

फोटो 1

**चांडिल :** नौरंगराय सुर्यदेवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल मे मंगलवार को संकुल स्तरीय प्रशन मंच का आयोजन किया गया। जिसमे चांडिल संकुल के खूंटी, कुकड़ू, बांदू, चीलीयामा के भैया बहन ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कुणाल कुमार, उपप्रधानाचार्य सुब्रात चटर्जी और खूंटी के प्रधानाचर्य अशोक पंडा के द्वारा दीप प्रज्वलन और भारत माता पूजन कर किया गया। इसके बाद भैया बहन के बीच विज्ञान, वैदिक गणित, कंप्यूटर और संस्कृत प्रशन मंच का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता शिशु वर्ग( 4,5), बाल वर्ग (6, 7,8) और किशोर वर्ग (9, 10) के भैया बहन के बीच आयोजित की गयी। विजेता प्रतिभागी की सूची अंग्रेजी शिशु वर्ग में प्रथम आयुष कुंडू, जयंत प्रमाणिक, कांचन महतो, द्वितिय विशाल तंतुवाई, लकी गुप्ता, आशीष तंतुवाई, तृतिय सुभजित मल्लिक, समीर प्रमाणिक, बाल वर्ग में प्रथम मनोज महतो, सागर मंडल, रोनित महतो, विज्ञान शिशु बर्ग में प्रथम सायन दा, सलमा हांसदा, बाल वर्ग प्रथम परभाति सिंह मुंडा, निकिता महतो, सुष्मिता महतो, द्वितीय अंकिता गुप्ता, कोयल सिंह, रोहित प्रमाणिक, वैदिक गणित शिशु वर्ग, संस्कृत शिशु वर्ग प्रथम सैफाली हैंम्ब्रम, मोहित दत्त, मुकेश महतो, द्वितीय लष्मी मारडी, पूनम हैंम्ब्रम, जनमेनजय पोद्दार, तृतीय सांची गुप्ता, मनीषा महतो, मनीषा गुप्ता समेत सभी विजेता प्रतिभागी को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुकड़ू, चालियामा, बांदु व खुंटी के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

## मनरेगा की टीम ने रोगो गांव का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**बेडो :** प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में मंगलवार को राज्य स्तरीय मनरेगा के 40 सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया गया। टीम ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी के गड्ढे, जल कुंड व पौधों के रोगों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात लाभुक उमेश उरांव के प्रथम वर्षीय आम बगवानी स्थल में लाभुकों और ग्रामीणों के बीच विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित लाभुक और ग्रामीणों के उत्साह पूर्वक बात सुनते हुए सभी पदाधिकारी काफी खुश हुए। मौके पर मुखिया बिरेन्द्र भगत ने कहा कि हमारे पंचायत के किसान आम बगवानी के क्षेत्र में बहुत बढ़ियां काम कर रहे हैं।

इससे लाभुक के परिवार की आमदनी में वृद्धि हो रही है और रोजगार के नये अवसर मिल रहे हैं। आम बगवानी के लाभ को किसान अच्छी तरह समझा चुके हैं। बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने पंचायत में चल रहे बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बगवानी बारे में विस्तार से बतलाये।

उन्होने कहा कि प्रथम वर्ष में पुरे पंचायत में 20 एकड़ जमीन में आम बगवानी का कार्य किया गया है। जबकी ग्रामीणों ने आवेदन 40 एकड़ बगवानी के लिए दिया था। जो समय अवधी के कमी के कारण से अगले वर्ष किया जायगा। इससे पूर्व ग्रामीणों ने परंपरागत रूप से आगंतु टीम का अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, उप मुखिया जितिया उरांव, वार्ड सदस्य बबलू लोहरा, ग्राम प्रधान सुरजा मुण्डा, सक्रिय सदस्य राधा देवी, सुशीला खलखो, सरिता खलखो सहित आम बगवानी लाभुक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## गैस पाइप लाइन बिछाने में बने गड्ढे से सेक्टर वासियों को हो रही है परेशानी



▶▶ कंपनी सिर्फ गड्ढा भरकर कोरम पूरी की है

▶▶ गैस पाइप लाइन निर्माण कार्य करने वाले कंपनियों की पोल खुल गई

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** बीएसएल सेक्टरों में इन दिनों सेक्टरवासी गड्ढे से काफी परेशान है। सेक्टरों के जिस मोड़ पर देखों गढ़डे नजर आ जाते है। यह कोई और नहीं गैस पाइप लाइन निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों की देन है। कंपनी द्वारा सभी सेक्टरों में निर्माण कार्य पूरी कर ली और गड्ढे को भर कर चली गई। लेकिन सही तरीके से गड्ढे नहीं भरने से फिर से गड्ढा बन गया। बारिश होते ही पूरी तरह से सेक्टरों में गड्ढे ही गढडे नजर आने लगी। यू कहा जाए कि गैस पाइप लाइन निर्माण कार्य करने वाले कंपनियों की पोल खुल गई। सड़क किनारे इन गढ़डे से आए दिन किसी न किसी की दुर्घटना घट रही है। कंपनी सिर्फ गड्ढा भरकर कोरम पूरी की है। कंपनी तो सेक्टरों में गैस पाइप लाइन बिछाकर अपना तो कमाई कर रही है।

वहीं गड्ढे को भरने के लिए बीएसएल प्रबंधन को खर्च करना होगा। सेक्टर दो ए निवासी नितेश कुमार का कहना है कि मेरे आवास के मुख्य द्वार के पास गैस पाइप लाइन निर्माण कार्य के लिए गड्ढा खोदा गया था। कंपनी जैसे तैसे गढड़े को भरकर चले गये। लेकिन बारिश होते ही फिर से यहां गढडा बन गया है। सेक्टर वासियों को सड़क किनारे गड्ढे होने से काफी परेशानी हो रही है। सुरेश सिंह का कहना है कि सेक्टरों में गड्ढे होने से सेक्टरों की सुंदरता खराब हो गया है।

## आरक्षण बढ़ाने को लेकर राज्यपाल से मिला गोप परिवार

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो:** गोप आरक्षण बढ़ाओ संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक साधु शरण गोप के नेतृत्व में गोप परिवार का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को झारखंड के राज्यपाल से मिला और आरक्षण बढ़ाने हेतु एक समार पत्र उन्हें सोपा। समार पत्र में मांग किया गया है कि गोप जाती का विकास दर किसी भी अन्य पिछड़ी जाति से भी बहुत ही कम है। गोप जाति का अभी तक न कोई विधायक सांसद रहा है, न है। और न कोई सरकारी पदों पर बड़े अधिकारी है। यही नहीं गोप जाति को सम्मान में ठेस पहुंचाने के लिए यादव या गोप जाति की जगह ग्वाला या बागाल शब्द का जाति प्रमाण पत्र दिया जाता है। मांग पत्र में राजपाल से मांग किया गया है कि गोप जाति के बदहाली का सर्वे करने का आदेश राज्य सरकार को दिया जाए और उसके अनुकूल आरक्षण बढ़ाया जाए यदि राज्य सरकार गोप जाति के आरक्षण बढ़ाने में अड़चन पैदा करती है तो गोप जाति को आरक्षण से बाहर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि तीन सितंबर को रांची में सभी जिलों के गोप संगठनों का बैठक होगी, जिसमे आगामी कार्यक्रमों की घोषणा किया जाएगा। प्रतिनिध मंडल में धनबाद से गोप एकता मंच के अध्यक्ष प्रहलाद गोप, बोकारो से गोप समाज के अध्यक्ष घनश्याम गोप, चांडिल से यदु वंशी गोप समाज युवा मंच के अध्यक्ष बिनोद गोप, एकता मंच के शिव पूजन गोप, रांची के योगेंद्र गोप शामिल थे।

**आयोजन** टाना भगत मुक्ति दिवस पर होगा राजकीय समारोह का आयोजन

# टाना भक्तों के बलिदान और जज्बे को समर्पित होगा समारोह: डॉ प्रवीण

▶▶ समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए क्षेत्र की जनता प्रशासन और जनप्रतिनिधि पूरी कोशिश करेंगे

राष्ट्रीय खबर



**बेड़ो:** टाना भगत मुक्ति दिवस के अवसर पर राजकीय समारोह के आयोजन को लेकर प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टाना भगत विकास प्राधिकार का बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से टाना भगत मुक्ति दिवस के अवसर पर 30 अगस्त को बेड़ो प्रखंड में राजकीय समारोह की आयोजन का निर्णय लिया गया। मौके पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई जिसके तहत सर्वप्रथम खाक्सी टोली में 9.00 बजे 76 थाना भगत स्मारक स्थल में माल्यार्पण , झंडोत्तोलन एवं प्रार्थना कार्यक्रम होगा। उसके उपरांत 11:30 बजे पुराने प्रखंड परिसर में शहीदों के सिलपत शहीदों के शिलापट्ट में माल्यार्पण झंडोत्तोलन सहित अन्य कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया। इसके उपरांत 12.30 बजे से बेड़ो स्थित ऐतिहासिक महादानी मैदान में मुख्य समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अपना विचार व्यक्त करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार ने कहा कि यह राजकीय समारोह का आयोजन हमारे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हर साल की तरह इस वर्ष भी यह भव्य आयोजन टाना भक्तों के बलिदान और जज्बे को समर्पित होगा । ऐतिहासिक महादानी मैदान में आयोजित होने वाले इस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए क्षेत्र की जनता प्रशासन और जनप्रतिनिधि पूरी कोशिश करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक गंगा टाना भगत, उप प्रमुख मुदस्सिर हक सहित अन्य भी अपने विचार व्यक्त किया। मौके पर थाना प्रभारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, फारूक नदीम गुमला जिला से बिशनपुर, घाघरा, सिसई, बसिया, कामदारा प्रखंडों से टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि गण, लोहरदगा एवं खूंटी जिले के टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि , बेड़ो प्रखंड टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि गण व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

## न्यूज फटाफट

### ब्लड मैन सलूजा शहीद भगत सिंह के भतीजे किरनजीत सिंह के हाथों हुए सम्मानित



**बोकारो :** अमर पुरोधा शहीद भगत सिंह के भाई कुलतार सिंह के सुपुत्र किरनजीत सिंह संधू के हाथों ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुए। विश्व रिकॉर्ड धारक एवं ह्यूमैनिटी सेवियर्स, बोकारो के संस्थापक हरबंस सिंह सलूजा को यह राष्ट्रीय सम्मान शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया, बिहार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में दिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि शहीद भगत सिंह के भतीजे किरनजीत सिंह संधु एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबा कमल किशोर, गणेश पासवान (मेयर गया), संजय विनायक जोशी उपस्थित थे। शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड, गया के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी कुमार वर्मा ने ब्लड मैन के सम्मान में कहा कि ये कोई छोटे-मोटे सेवादार नहीं बल्कि इनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए पूरे देशभर में इनकी अलग पहचान है। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं यह सम्मान बोकारो के सभी रक्तदाताओं को समर्पित किया।

### गुरुचरण साव के दर्द को समझे सरकार : संजय सेठ



**चांडिल :** सांसद संजय सेठ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गुरुचरण साव डैम से छलांग लगाने का निर्णय किस परिस्थिति में लिया सरकार और मैनेजमेंट के लापरवाही का नतीजा है जहां विस्थापितों को नजरअंदाज कर सिर्फ अपनी रोटियां सेकने में लगी है। प्रशासन एवं झारखंड सरकार से विस्थापितों के लिए उनकी मांग बिल्कुल जायज है । सरकार को विस्थापितों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। सालों साल से विस्थापितों की समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण वहां के विस्थापित अपनी जान देने पर तुले हुए हैं। सरकार और प्रशासन को इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए वहां के विस्थापितों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। डैम का जलस्तर 180 रखने की मांग शुरू से की जा रही है मेरे द्वारा भी कई बार पत्राचार किया गया है। परंतु सरकार और प्रशासन इस पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं कर अपना मनमानी करने पर उतारू है। वहां के विस्थापित दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है और अगर हक और अधिकार के लिए जल सत्याग्रह या और भी आंदोलन करने का प्रयास करते है तो यह सरकार उसे दबाने और कुचलने का प्रयास कर रही है। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईचागढ़ चुनाव में कहा था कि उनकी सरकार बनते ही विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा एवं विस्थापितों को न्याय दिलाया जाएगा । आज उनके सरकार के 4 साल पूरे होने को है अभी तक विस्थापितों को न्याय नहीं मिला है।

### पुलिस ने गुरुचरण साव को भेजा जेल



**चांडिल :** चांडिल पुलिस ने मंगलवार को चांडिल डैम के विस्थापित गुरुचरण साव को चांडिल डैम से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि गुरुचरण साव पुराने मामले में वांछित था। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद उसकी मेडिकल जांच कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मालूम हो कि गुरुचरण साव विस्थापितों का मुआवजा भुगतान पूरा करने और संपूर्ण पुनर्वास की सुविधा मिलने तक चांडिल डैम का जलस्तर 180 मीटर रखने की मांग कर रहे थे। इसी मांग को लेकर उन्होंने प्रशासन को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने डैम के ऊपर से छलांग लगाने की चेतावनी दी थी। सोमवार की रात अल्टीमेटम का समय समाप्त होने के बाद मंगलवार की सुबह वे डैम पहुंचे जहाँ चांडिल थाना की पुलिस ने उसे डैम के नौका विहार के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### आजसू ने झारखंड सरकार पर साधा निशाना




**चांडिल :** चिलगु प्रधान कार्यालय में मंगलवार को आजसू पार्टी के चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि आंदोलनकारी विस्थापित गुरुचरण साव को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत जेल भेजा गया अब जो स्थिति है बेहद दुखद है। राज्य सरकार हम विस्थापितों को प्रताड़ित करने का काम कर रही हैं। विस्थापितों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा झामुमो सरकार अब बारिश के मौसम में डैम का जलस्तर बढाने का काम कर रहा है। डैम का जलस्तर बढ़ने से गरीबी के हर, खेत, खलिहान डूब रहे हैं। यदि कोई विस्थापित अपने अधिकार की मांग कर रहे हैं तो उन्हें जेल भेज दिया जा रहा है। गुरुचरण साव ने ऐसा क्या काम किया है जो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गुरुचरण साव डैम का जलस्तर कम रखने का मांग किया था जो कि जायज है। गुरुचरण साव निर्दोष है, बेवजह जेल भेज देना गलत है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बासुदेव प्रामाणिक, जिला सचिव परवीन महतो, प्रखंड संगठन सचिव प्रदीप गिरी, गोविंदा धीवर,पंचायत उपाध्यक्ष गुरुपदो सिंह आदि उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### मारपीट मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

महेशपुर (पाकुड़): थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव में बीते 17 जून को दो भाइयों की मारपीट कर हत्या कर देने के 40 नामजद आरोपितों में बीते कल पुलिस ने गांव के ही एक नामजद आरोपित रोसेन सोरेन को मंगलवार सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित को मंगलवार को स्वास्थ्य परीक्षण कराकर पाकुड़ जेल भेज दिया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बीडीओ ऑफिस में 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



बेरमो: सावन के अवसर पर फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित शिवालय में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। पुजारी अमित पाठक, घनजय पाण्डेय ,जितेंद्र पाण्डेय और दिवाकर पाण्डेय ने यजमान अजय दूबे को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवा कर अखंड हरि कीर्तन की शुरूआत कराया। जिसके बाद भजन मंडली के लोगों द्वारा हरे राम हरे कृष्ण के गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। इस अखंड हरि कीर्तन में आस-पास लोगो की अच्छी खासी भागीदारी देखी गई। मौके पर विजय दूबे, महेश्वर यादव, प्रदीप कुमार, झब्बू पाण्डेय, घनजय, अजीत सिंह, रामनाथ राम, झलन सिह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण

रामगढ़ : उपायुक्त चंदन कुमार के निदेर्शानुसार मंगलवार को जिला शिक्षा अधीक्षक श्री संजीत कुमार ने पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा में विभिन्न सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया । सरकारी विद्यालयों में बच्चों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था व स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए हैं इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के द्वारा पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों यथा मध्य विद्यालय भुरकुंडा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा, प्राथमिक विद्यालय नीचे दबदा भुरकुंडा, मध्य विद्यालय बड़ा सौंदा का औचक निरीक्षण किया। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षकों की उपस्थिति उनकी पाठ्यक्रम की सारणी, बच्चों की उपस्थिति पंजी, मध्यान भोजन की व्यवस्था व रोस्टर का जांच किया गया, विद्यालय में अनुशासन, कक्षा का नियमित संचालन, स्मार्ट क्लास की स्थिति आदि का जांच किया, इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रम के अनुसार बच्चों से पूछताछ भी किए, वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक ने मध्य विद्यालय भुरकुंडा में विद्यालय प्रभारी को परिसर की साफ-सफाई को लेकर कई दिशा निर्देश दिए वहीं प्राथमिक विद्यालय भुरकुंडा में अनुशासन व समय सारणी के अनुसार शिक्षकों को क्लास लेने को लेकर दिशा निर्देश दिए।

**उपचुनाव**

### आजसू पार्टी एंव सामाजिक कार्यकर्ता की बैठक आयोजित

# डुमरी उपचुनाव में हरहाल में एनडीए प्रत्यासी यशोदा देवी को विधायक बनाएंगे : टिकैत



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /उपरघाट :** नावाडीह प्रखंड के उपरघाट गोनियाटो पंचायत के फुटबॉल मैदान में उपरघाट नौ पंचायत के आजसू पार्टी एंव सामाजिक कार्यकर्ता का एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी नावाडीह प्रखंड कार्यकरणी अध्यक्ष रामकुमार मरांडी तथा संचालन सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ने किये।

बैठक में मुख्य रूप से उपरघाट जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो एंव पूर्व जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी केंद्रीय मुख्यालय सचिव टिकैत कुमार महतो उपस्थित थे। बैठक में कुमारी खुशबू महतो एंव टिकैत कुमार महतो ने कहा की डुमरी उपचुनाव में एनडीए गठबंधन के आजसू पार्टी उम्मीदवार श्रीमती यशोदा देवी को हरहाल में विधायक बनाएंगे। चुनाव प्रचार प्रसार में आजसू एंव भाजपा कार्यकताओं के साथ हम दोनों पति- पत्नी मिलकर चुनाव प्रचार करेंगें और यशोदा देवी को विधायक बनाएंगे। मौके पर अशोक कुमार रवि, राजेश तुरी, दामोदर महतोी, फूलचंद मरांडी, खेमलाल महतो, लुकेश महतो, नवल महतो, महादेव महतो, अनिल रविदास, रूपेश रविदास, परमेश्वर साव, पंसस नागेश्वर महतो, गौतम महतो, अमृत महतो, दीपक नायक, बबलू प्रजापति, साजन सिंह, आकाश महतो, महेंद्र महतो, कपिल तुरी, संतोष महतो, गणपत महतो, दिनेश कुमार महतो, विजय कुमार, सलेश बाबू, संतोष उजागर, त्रिवणी महतो, अजय मंडल, दौलत महतो, गोपाल मरांडी, जितेंद्र मुर्मू, विनोद मुर्मू, अन्तलाल मुर्मू, दिलीप महतो, कामेश्वर महतो, सुरेंद्र प्रजापति, सरोज प्रजापति, पवन प्रजापति, जितेंद्र महतो, शयमसुन्दर महतो, सीताराम महतो, सेवा प्रजापति आदि सैकड़ों लोग उपस्थित ।

### भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की मुलाकात



**बेरमो :** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात किया । इस दौरान प्रकाश कुमार सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बेरमो की शिक्षा व्यवस्था के बारे में अवगत कराया। विदित है कि भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह अपने निजी फंड से बेरमो विधानसभा के दर्जनों जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में सहयोग कर रहे हैं एवं उनकी स्कूल फीस विद्यालयों को दे रहे हैं ।

### जारीडीह चार नंबर मोड़ में पशु मेडिकल का हुआ शुभारंभ



**बेरमो :** जारीडीह बाजार चार नंबर मोड़ स्थित स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह मार्केट में पशु मेडिकल का शुभ उद्घाटन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल अग्रवाल, बबलू भगत, लकी सिंह, दिलीप यादव, राजा सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मेडिकल के संचालक रवि साव ने बताया कि यहां पर दवा के साथ-साथ इलाज की भी व्यवस्था की गई है जिससे इस क्षेत्र के लोगों को अपने मवेशियो के इलाज के लिए परेशानी नहीं होगी।

# तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्विद्यालय धनबाद की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट चास महाविधालय चास में अयोजित की जा रही है जिसमें के बी कॉलेज बेरमो के बालक फुटबाल खिलाड़ी भाग लेने हेतु महाविधालय के खेल प्रभारी प्रो नितिन चेतन तिग्गा,सहायक खेल प्रभारी प्रो मनोहर मांझी के साथ शामिल हुए हैं। महाविधालय मे पढ़ाई के साथ साथ विधार्थियो के समग्र सर्वांगीण विकास पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है। खेल से मानसिक भावनात्मक शारिरिक विकास हो पाता है। प्रतिस्पर्धा मे भाग लेना व्यक्तित्व निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने सभी फुटबाल खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं व बधाई देकर रवाना किया व कहा खेल मे भाग लेना, विधार्थियो को जीवन मे परिश्रम करने व अनुशासन का संदेश देता है। कैरियर निर्माण मे खेल का विशेष महत्व है। भाग लेने वाले खिलाड़ियों मे साहिल कुमार, उज्जवल कुमार, ज्ञान प्रकाश, आदित्य कुमार, नीरज कुमार यादव, मो अतुर अंसारी, अंशु कुमार, तुशाल टांटी, जमील अंसारी, रामदेव सोरेन, सुशील किश्कू, महेंद्र किस्कू, अमरदीप सिंह, मो समीर शामिल हुए हैं। खिलाड़ियों के मनोबल एवम आत्मविश्वास को बढ़ाने हेतु पूर्व खेल प्रभारी प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय, प्रो गोपाल प्रजापति, डा आर पी सिंह, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा प्रभाकर कुमार, डा अलीशा वंदना लकड़ा, डा साजन भारती, डा नीला पूर्णिमा तिर्की, डा व्यास कुमार, डा बासुदेव प्रजापति, प्रो अमीत कुमार रवि, रवींद्र कुमार दास, सदन राम, बानुनंद राम, हरिश नाग, रवि कुमार यादविंदु, दीपक कुमार, शिव कुमार झा आदि कॉलेज परिवार ने अग्रिम बधाई व शुभकामना दी।

### 20 सूत्री कार्यालय में झामुमो की बैठक संपन्न

**गिद्दी:** झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली डाड़ी की बैठक प्रखंड कार्यालय स्थित 20 सूत्री कार्यालय में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता संयोजक मंडली के अध्यक्ष लखनलाल महतो ने किया। बैठक में डाड़ी प्रखंड के सभी पंचायतों, बूथो पर नई कमेटी का गठन करने का निर्णय सर्वसम्मति से किया गया। 20सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष लखनलाल महतो ने इस अवसर पर कहा कि हेमंत सरकार के लोक कल्याण योजनाओं की जानकारी कार्यकताओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया साथ ही एक साल के अंदर पंचायत कमेटी का पुनर्गठन कर लेने और संगठन की मजबूती पर भी विचार विमर्श किया गया। मौके पर झामुमो के लखन लाल महतो, अनन्या मुखर्जी, मोहम्मद अताउल्लाह, फातिमा खातून, शिवजी बेसरा, कालीचरण महतो, बलदेव महतो, विकास बेदिया, एतवा बेदिया, रूपलाल बेदिया, एस. महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद कार्यालय रामगढ़ द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। मंगलवार को सहायक आयुक्त, उत्पाद अजय कुमार गोंड के नेतृत्व में रामगढ़ थाना अंतर्गत कैथा के गोबरदरहा क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न ब्रांड के कुल 885 बोतलों में 272.925 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया वही स्थल से 50 कार्टून विभिन्न ब्रांड एवं साइज के खाली बोतल, 10 बंडल विभिन्न ब्रांड के लेबल, 3 कार्टून विभिन्न ब्रांड के ढक्कन, 2 बंडल उत्पाद आसंजक लेबल/ होलोग्राम एवं 1 तीन पहिया वाहन को जप्त किया गया वही स्थल से छलदेव महतो नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड, अवर निरीक्षक उत्पाद कांग्रेस कुमार, सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद अमित मड़की, पुलिस बल सहित अन्य उपस्थित है।

### बेरमों : तीन आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** ललपनिया पुलिस ने नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के मुख्य आरोपी को तलगाडिया मोड़ से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुबोध कुमार दास ने बताया कि घटना के बाद मुख्य आरोपी सियालजोरी बारटांड निवासी आदेश मोदी फरार था। गुप्त सूचना पर उसे तलगडिया मोड़ से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद 21 अगस्त को पोकसो कोर्ट में प्रस्तुत कर चास जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि 15 अगस्त की शाम को दसवीं की छात्रा ललपनिया स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अपने घर लौट रही थी। इस बीच आदेश मोदी ने खीराबेडा व नयी बस्ती के बीच अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध में दर्ज शिकायत में तीन और लोगों पर इस घटना में सहयोग करने का आरोप है। इन तीन आरोपियों आसनबानी सियालजोरी के विजय मांझी, पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के कुर्मो टोला बेलडीह के प्रदीप सोरेन व धनबाद टुंडी थाना क्षेत्र के रंजीत चौडे को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। ये सभी आरोपी डीप बोरिंग करने वाली गाड़ी में काम करते हैं। घटना के दिन बोरिंग के लिए वे लोग इसी क्षेत्र में पहुंचे थे। पीड़ित छात्रा के पिता के लिखित आवेदन कर पोकसो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नवल किशोर सिंह ने सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में किया पद ग्रहण

**बेरमों:** बेरमो नवल किशोर सिंह ने सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में पद ग्रहण किया। इससे पूर्व वे स्पेशल ब्रांच रांची में कार्यरत थे। पदभार ग्रहण करने के बाद सर्किल इंस्पेक्टर श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था को कायम रखा जाएगा। इसके लिए जनता के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी भी तरह की समस्या हो तो वे निर्भिक होकर बिना संकोच के आकर हमसे मिले उनकी समस्या का समाधान तत्परता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह का आवैध करोबार चलने नहीं दिया जाएगा। सर्किल इंस्पेक्टर पद पे आए नवल किशोर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने की हर कोशिश होगी।

# डीएवी कथारा में मोनिटर चुनाव कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** किसी भी व्यवस्था को सुचारू और नियमित रूप से चलाने के लिए एक निगरानी कमेटी का होना जरूरी होता है उसी तरह बच्चों के पठन-पाठन कार्यालय व्यवस्थित रुप से संचालित करने के लिए विधालय में मोनिटर का होना जरूरी है जो बच्चों और विधालय प्रबंधन के बीच पुल का काम करने के साथ-साथ विधालय के विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यो में विधालय के शिक्षकों की मदद भी करता है। उपरोक्त बाते डीएवी कथारा के प्राचार्य विपिन राय ने कार्यक्रम



समाप्ति के बाद मिडिया से बात चित के क्रम में कहा। मौक था स्कूल एसेम्बली के बाद आयोजित विशेष कार्यक्रम स्कूल के सभी कक्षाओं के मोनिटर का चुनाव एंव छात्रों को विभिन्न पदो पर शपथ दिलाना। आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन ने सभी कक्षाओं में मोनिटर का चुनाव कर उनकी उपयोगिता की जानकारी विधाथीयों को दिया।इस मौके पर सभी छात्र छात्राओं के अलावे विधालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकागण उपस्थित थे।

**खेल**

### सरस्वती विद्या मंदिर में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# उच्च विद्यालय टोंगी को हराकर एसवीएम सिरका बना चैम्पियन

- खेल से प्रतिभाओ को निखारा जाता है : सतीश श्रीवास्तव
- खेल से शारीरिक विकास संभव है



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** सरस्वती विद्या मंदिर सिरका में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.प्रतियोगिता का फाइनल मैच एसवीएम सिरका व उच्च विद्यालय टोंगी के छात्रों के बीच खेला गया। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर सिरका की टीम ने उच्च विद्यालय टोंगी को 3-2 से पराजित करते हुए प्रतियोगिता पर कब्जा जमाने में कामयाब रहा। खेल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय सचिव सतीश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। जबकि प्रतियोगिता में शारीरिक देखरेख प्रमुख विनोद कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

मुख्य वक्ता सतीश कुमार श्रीवास्तव के द्वारा कहा गया कि खेल से शारीरिक विकास संभव है। जीवन में खेल महत्वपूर्ण पड़ाव है। खेल से भी प्रतिभाओं को निखारा जा सकता हैं। अवसर पर निर्णायक सुरेंद्र कुमार रहे। मौके पर प्राचार्य कुमार विमलेश, विद्यालय आचार्यगण, कर्मचारी व अन्य उपस्थित थे।

### बेरमो के नए थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कार्यभार संभाला



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** बेरमो के नए थाना प्रभारी अशोक कुमार ने सोमवार को कार्यभार संभाला। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आपराधिक घटनाओं जैसे चोरी, लूट व अन्य छोटी-बड़ी घटनाओं पर नकेल कसा जाएगा। थाना में आने वाले समस्याओं को निष्पक्ष होकर सहयोग किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि पुलिस व पब्लिक में सामंजस्य स्थापित किया जाएगा। कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी व निष्ठा पूर्ण निभाने का प्रयास करेंगे। क्षेत्र में सदैव शांति बनी रहे, इसको लेकर पूरा प्रयास करेंगे। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था रखना पहली प्राथमिकता होगी। कहा कि आम जनता की सुरक्षा करना हमारी जिम्मेवारी है। कहा कि जनता को कोई भी परेशानी हुई, तो वे सीधे थाना में संपर्क कर सकते है। उन्होंने आमजनों से सहायता करने की अपील की। कहा कि जनता पुलिस प्रशासन का साथ दे। पुलिस 24 घंटे उनकी सुरक्षा के लिए तैयार रहेगी।

संपादकीय

# मणिपुर का वास्तविक संवैधानिक संकट स्पष्ट है

मंत्रिपरिषद की अनुशंसा के अनुरूप मणिपुर की विधानसभा सोमवार को नहीं बुलाई गई, यह इस बात का संकेत है कि राज्य में संकट कितना गंभीर है। राज्यपाल अनुसुइया उइके ने सदन बुलाने की अधिसूचना जारी नहीं की, जबकि कैबिनेट ने उन्हें 4 अगस्त को ही 21 अगस्त को सत्र बुलाने की सलाह दी थी। अधिसूचना जारी करने में राजभवन की ओर से देरी संभवतः राजनीतिक कारणों से हुई है। और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति। राज्य के कुछ हिस्सों में हिंसा जारी है, इसलिए विभिन्न पार्टियों से जुड़े कुकी जातीय विधायकों ने मौजूदा माहौल के कारण विधानसभा सत्र में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की है। यह संभावना नहीं है कि राज्यपाल संवैधानिक स्थिति से अनभिज्ञ हैं कि वह विधानसभा बुलाने के संबंध में सरकार की सलाह मानने के लिए बाध्य हैं। संविधान पीठ ने नबाम रेबिया (2016) में यह स्पष्ट किया था। चाहे राज्यपाल अपने विवेक से निर्देशित हों या केंद्र सरकार की स्थिति के आकलन से,



मंत्रिपरिषद की मांग के अनुसार विधानसभा सत्र आयोजित करने में विफलता को उचित ठहराना मुश्किल है। मणिपुर विधानसभा का पिछला सत्र मार्च में आयोजित किया गया था, और सदन को अपनी पिछली बैठक से छह महीने की समाप्ति से पहले फिर से बैठक करनी होगी। यह अवधि 2 सितंबर को समाप्त हो रही है। इस बीच, कांग्रेस विधायक दल के नेता ओ इबोबी सिंह ने कहा कि मणिपुर कैबिनेट द्वारा इसे आयोजित करने का निर्णय लेने के बाद भी कोई विधानसभा सत्र नहीं बुलाया गया है, उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभा का सत्र आयोजित करना अनिवार्य है। हर छह महीने में एक सत्र होना चाहिए। हालाँकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कुकी विधायक सत्र में शामिल होने के लिए सहमत होंगे या नहीं। चल रहे जातीय दंगों से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में से एक चुराचांदपुर के भाजपा विधायक एलएम खौटे ने पहले कहा था, मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, आगामी सत्र में भाग लेना मेरे लिए संभव नहीं होगा। अच्छे उपाय के लिए, खौते ने कहा कि हिंसा और एक अलग प्रशासन के लिए कुकी द्वारा की गई मांगों के समाधान की कमी सभी कुकी-जोमी-हमर विधायकों के लिए सत्र में भाग लेना संभव नहीं बनाएगी। नागा विधायकों ने यह भी कहा था कि वे सत्र में भाग नहीं लेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि राज्य सरकार नागा शांति वार्ता में बाधा डाल रही है। मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने पहले कहा था कि विधानसभा सत्र 2 सितंबर से पहले बुलाया जाएगा। मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद मई की शुरूआत में राज्य में हिंसा भड़क उठी। राजनीतिक और नागरिक समाज दोनों ने मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर मई की शुरूआत में हुई हिंसा पर विधानसभा की बैठक और चर्चा की जाए, जिसमें मणिपुर सरकार को अनुदान की सिफारिश पर केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय के संचार का जवाब देने का निर्देश दिया गया था। मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा। सत्र को अधिसूचित करने में राज्यपाल की ओर से देरी से मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार की वैधता और अधिकार पर असर पड़ता है। राज्यपाल को कैबिनेट की सिफारिश पर कार्य करने की सलाह दी जाएगी। एक अन्य मुद्दे पर, दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल की मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति में असामान्य देरी प्रतीत होती है। अदालत कई महीनों से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के अधीन है। रिपोर्टों से पता चलता है कि केंद्र ने कॉलेजियम की सिफारिश को राज्य सरकार की सहमति के लिए भेज दिया है। सवाल यह उठता है कि क्या राज्य में कोई संवैधानिक पदाधिकारी इस प्रक्रिया को रोक रहा है? कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश द्वारा पारित एक आदेश से शुरू हुई घटनाओं की श्रृंखला में पहले से ही काफी हिंसा और अव्यवस्था देखी जा चुकी है, और राज्य को आगे संवैधानिक अव्यवस्था में नहीं फंसना चाहिए। इस स्थिति से भी यह स्पष्ट है कि नशे के कारोबार को संरक्षण एवं अडाणी समूह को कई कारणों से जमीन देने के जो आरोप अब सामने आ रहे हैं, उन्होंने भी मणिपुर भाजपा के अंदर असर डाला है। लोग इस बेहिसाब हिंसा के पीछे के कारणों की तलाश कर रहे हैं और यह सोचने पर विवश है कि आखिर वे कौन से कारण हैं, जिनकी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर से कन्नी काट रहे हैं। उम्मीद है कि मणिपुर के जिस्म पर जो गहरे घाव लगे हैं, सुप्रीम कोर्ट की पहल से उनपर कुछ मरहम लगेगा। लेकिन इस बीच राज्य और केंद्र सरकार सभी नागरिकों को सुरक्षा के सवाल पर विफल हो चुकी है, इस पर संदेह की कोई गुंजाइश अब नहीं बची है।

# सावधान? मानवीय जीवन परमाणु युद्ध के कगार पर

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैं' परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगे' इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों



**संजीव ठाकुर**
स्तम्भकार

पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें है' इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरूआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं ।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने



दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है । उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं।

इन तीनों देशों की संयुक्त तैयारी को देखते हुए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के प्रायोगिक परीक्षण का निरीक्षण भी किया है।

अमेरिका तथा पश्चिमी देश हर उस देश का साथ देने को तैयार है जो मूल रूप से चीन, उत्तर कोरिया और रूस का विरोध करते हैं। अमेरिका में चूंकि वर्ष 24 में राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं ऐसे में वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडन को अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने के लिए और चुनाव जीतने के लिए एक बहुत बड़े मुद्दे की तलाश जरूर होगी और इसके चलते वह अपनी राजनीतिक साख को बचाने के लिए किसी भी देश से अपनी बादशाहत बचाने के लिए युद्ध कर सकते हैं और जाहिर है कि उनके किसी भी युद्ध में ब्रिटेन, फ्रांस ,आस्ट्रेलिया, इजरायल आंख मूंदकर साथ देने को तैयार होंगे। इधर भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही चीन से परंपरागत दुश्मनी चली आ रही है दूसरी तरफ भारत रूस का अभिन्न मित्र भी है भारत परंपरागत रूप से रूस का समर्थन करते आया है या अलग बात है कि अमेरिका से उसके संबंध पिछले 10 सालों से काफी मधुर हो गए हैं और वह सदैव शांति का पक्षधर रहा है।

ऐसे मैं नवीन परिस्थितियों में रूस यूक्रेन युद्ध चीन ताइवान विवाद और उत्तर कोरिया की दक्षिण कोरिया के ऊपर अनावश्यक दादागिरी और अमेरिकी तथा नैटो देशों का खुलकर चीन रूस तथा उत्तर कोरिया के लिए विरोध पूरे विश्व में परमाणु हेतु की पूरी-पूरी पृष्ठभूमि तथा प्रस्तावना तैयार कर चुके हैं और यह भी संभावना होगी कि पाकिस्तान तथा खाड़ी के देश भी ऐसी परिस्थितियों में किसी भी संभावित विश्वयुद्ध में शामिल हो सकते हैं और यदि विश्व युद्ध होता है तो यह मानवता तथा पृथ्वी के लिए बड़ा ही विनाशक होगा हम सिर्फ कामना कर सकते हैं की युद्ध नहीं हर तरफ शांति ही शांति हो।

# डिप्रेशन, भ्रम और युवा

डिप्रेशन/अवसाद/एंजाइटी ये कुछ शब्द हैं जो इन दिनों हमारे समाज में फैले हुए हैं ।खासकर जो समाज के युवावर्ग हैं उनके मुँह से ऐसे शब्द कई एक बार सुनने को मिलते हैं। गर्लफ्रेंड ने छोड़ दिया डिप्रेशन में हैं, बॉयफ्रेंड से लड़ाई हुई एंजाइटी हो रही है, घर वालों ने डांटा तो बच्चा अवसाद में है जॉब नहीं मिल रही तो करियर का स्ट्रेस है और अगर जॉब मिल गई है तो ये सारे सिम्टम्स से जूझ रहे हैं ।लेकिन क्या वास्तव में युवा वर्ग इन चीजों से जूझ रहा है या ये उसका भ्रम मात्र है ? तो मेरा जवाब है बहुतायत संख्यां में यह केवल भ्रम मात्र ही है। मैंने ये नहीं कह रही कि ऐसी चीजें नहीं होती हैं, बिलकुल होती हैं और वक्त पर अगर इनके उपाय ना किए जाए तो इनके भयंकर दुष्परिणाम भी हो सकते हैं लेकिन इन दिनों युवा वर्ग की इंस्टेंट नूडल जैसी जीवन शैली को देखते हुए मेरा ये कहना भी गलत नहीं होगा कि आजकल के यूथ में बहुतायत मात्रा में ये डिप्रेशन और एंजाइटी जैसी चीजों का भ्रम फैल गया है। इस भ्रम को फैलाने के पीछे समाज में मौजूद दो तरह के लोग शामिल हैं। पहले आते हैं वैसे युवावर्ग जिनको लगता हैं कि क्षणिक भर का रिश्ता उनके जीवन का आखिरी रिश्ता था, कि अगर नंबर कम आ गए मतलब ये उनके जीवन का आखिरी रिजल्ट कार्ड था, कि अगर लड़की ने या लड़के ने ठुकरा दिया मतलब वो आखिरी शख़्श था जहान में। ऐसी न जाने सैकड़ों बातें हैं जिन बातों पर आज के युवा अपने आप को स्ट्रेस टॉर्चर देते हैं। अब आते हैं दूसरे प्रकार के लोग जो दु:ख ना होते हुए भी अपने आसपास दु:खों की काल्पनिक दुनिया गढ़ लेते हैं और जीवन में सब ठीक होने के बावजूद भी जीवन की हर छोटी-बड़ी चीजों में दोष निकालकर फिर खुद ही दोषी भी महसूस करते हैं क्योंकि ऐसे लोगों को लगता है कि दु:खी होने से समाज में ज्यादा तवज्जो प्राप्त होगी ।ये वैसे लोग होते हैं जो डिप्रेशन और स्ट्रेस में न होते हुए भी होने का दिखावा करते हैं क्योंकि इन्हें लगता है यही सही तरीका है लोगों को ये जताने का कि हमने डिप्रेशन जैसी भयानक स्थितियों पर भी काबू पा लिया है। लेकिन दोनों ही परिस्थितियों में ये कितना सही है ।तो जवाब हैं बिलकुल नहीं ।पहली स्थिति- जिसमें लोगों को समझना चाहिए खासकर युवावर्ग को कि ये जिन चीजों से वो गुजर रहे हैं फिर चाहे वो बेवफा गर्लफ्रेंड हो या टॉक्सिक बॉयफ्रेंड, खड़ूस बॉस हो या फिर बेरोजगारी ये सब उनकी उम्र के खट्टे-मीठे अनुभव हैं।

सामयिकी

# बहुत अच्छी है भारत और चीन के सैन्य अधिकारियों में वार्ता

भारत और चीन के बीच दौलत बेग ओल्डी और चुशुल में एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा )पर मेजर जनरल लेवल की बैठक हुई । इससे पहले 14 अगस्त को विवाद का हल निकालने के लिए कमांडर स्तर की बैठक भी हुई थी। दोनों देशों की सेना आमने -सामने है,इसके बावजूद सेना अधिकारियों के बीच सीमा -विवाद सुलझाने पर बात हो रही है,ये बहुत अच्छा है ।बात होती रहनी चाहिए। बात होगी तो समस्या के निदान के रास्ते भी निकलेंगे। सुलह का मार्ग बनेगा। सुलह की बात न बने, रिश्तों में कटुता तो नही रहेगी। ऐसे ही हालात पर प्रसिद्ध शायर निदा फाजली का शेर है- दुश्मनी लाख सही, खत्म न कीजे रिश्ता, दिल मिले या न मिले हाथ मिलाए रहिए।



**अशोक मधुप**
वरिष्ठ साहित्यकार

दोनों देशों की सेनाएं लगभग तीन साल से आधुनिक शस्त्रों के साथ आमने -सामने हैं। भारत और चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पार पूर्वी लद्दाख सेक्टर में 50,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। कई जगह तो वह बहुत ही नजदीक हैं ।भारत चीन के बीच सीमा विवाद का कोई हल नही निकल रहा। ।सीमा पर तनाव होने के बावजूद शांति है। तीन साल पहले हुए गलवान घाटी संघर्ष के और बाद में 2022 में अरूणाचल के तवांग घाटी में बाद कोई नही घटना नही हुई। यह सब बहुत ही अच्छा है ।दूसरी जगह पर सीमा विवाद या तनाव कम करने के लिए राजनैतिक स्तर पर बात होती रही है। राजनेताओं को सही स्थिति की जानकारी नही होती। इसलिए विवाद के हल भी ठीक नही होते। सेना और सेनाके अधिकारी को मौके और समस्याके एक- एक पाइंट की जानकरी हाती है। यहां अच्छा यह है कि सेना के उच्च अधिकारी आपस में लगातार बात कर रहे हैं। इससे आपस में एक विश्वास पैदा होता है ।आपस की गलतफहमी दूर होती है। चीन का विश्वास नही किया जा सकता किंतु यह भी अच्छा है कि आपस में विवाद के निस्तारण के लिए बातचीत चलती रहनी चाहिए।

**दोनों की सेना आमने -सामने होने पर किसी सैनिक की जरासी खुराफात बड़े युद्ध का रूप ले सकती है ।चीन के रवैये को देखते हुए भारत किसी भी स्थिति के लिए तैयार है, इसके बावजूद होना ये चाहिए कि युद्ध न हो। युद्ध से बचा जाए।**

भारत और चीन के बीच दौलत बेग ओल्डी और चुशुल में एलएसी( वास्तविक नियंत्रण रेखा )पर मेजर जनरल लेवल की हाल में बैठक हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच जारी सीमा विवाद पर डिटेल में चर्चा की गई। मेजर जनरल पीके मिश्रा और मेजर जनरल हरिहरन ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में देपसांग प्लेन और सीएनएन जंक्शन के मुद्दे का समाधान निकालने पर चर्चा हुई। ये बैठक भारत- चीन के बीच 14 अगस्त को हुई 19वीं कमांडर लेवल की बैठक के बाद की गई है, जिसमें दोनों देश विवादों को बातचीत और समझौतों के जरिए सुलझाने पर राजी हुए थे ।दौलत बेग ओल्डी देसपांग के पास है। जहां चीनी सैनिक लगातार भारतीय सैनिकों की पैट्रोलिंग में रुकावटें पैदा करते रहते हैं। वहीं चुशुल पैंगोंग सो झील के दक्षिणी किनारे पर है। जहां भारतीय सैनिकों ने 2020 में एक ऑपरेशन के तहत कई ऊंची जगहों पर कब्जा कर लिया था ।रिपोर्ट के मुताबिक मेजर जनरल लेवल की बैठक में दोनों देशों की सेनाओं के लिए पैट्रोलिंग से जुड़े ग्राउंड रूल्स बनाए गए हैं, ताकि आगे किसी भी तरह के संघर्ष से बचा जा सके। साथ ही तै हुआ कि दोनों देशों के सैनिकों के बीच भरोसा बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। ये सब चल रहा है,ऐसे में सूचना है कि साउथ अफ्रीका में 22 से 24 अगस्त को ब्रिक्स समिट होने वाला है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हो सकती है। इससे पहले दोनों नेता पिछले साल बाली में जी -बीस समिट के दौरान मिले थे ।प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई थी।

जानकारी

# लखनऊ की शान है छत्तर मंजिल

छतर मंजिल को अम्ब्रेला पैलेस के नाम से भी जाना जाता है। एक समय पर शासकों के साथ उनकी पत्नियां छतर मंजिल में निवास करती थीं। इस इमारत में ऊपर छतरी के आकार का गुंबद है। इसी कारण इस इमारत को छतर मंजिल कहा जाता है। आप अगर बेहतरीन वास्तुकला देखना चाहते हैं, तो आपको छतर मंजिल को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

### जामा मस्जिद

लखनऊ में घूमने वाली जगहों की लिस्ट में जामा मस्जिद का नाम भी आता है। देश की अन्य सभी मस्जिदों की तरह यह मुस्जिद भी मुस्लिम भक्तों के लिए आध्यात्मिक केंद्र है। यह मस्जिद अपनी खूबसूरत वास्तुकला के लिए भी जानी जाती है।



साइबर दुनिया

# 64MP कैमरा वाले iQOO Z8x के स्पेसिफिकेशंस लीक

iQOO Z8 आया AnTuTu पर नजर

iQOO Z8 और iQOO Z8x में 6.64 इंच की FHD+ LCD डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 2388 x 1080 पिक्सल और रिफ्रेश रेट 120Hz है। iQOO कथित तौर पर iQOO Z8 और Z8x स्मार्टफोन्स को सितंबर में चीन में लॉन्च करने का प्लान बना रही है। रिपोर्ट्स में खुलासा हुआ है कि डिवाइसेज का मॉडल नंबर V2314A और V2312A है। दोनों मॉडल गीकबैंच और चाइना 3सी सर्टिफिकेशन पर नजर आए थे। अब Z8 स्मार्टफोन AnTuTu पर कुछ डिटेल्स के साथ नजर आया है। यहां हम आपको iQOO Z8 और iQOO Z8x के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

iQOO Z8 AnTuTu लिस्टिंग

iQOO Z8 ने CPU टेस्ट में 286,473, GPU टेस्ट में 240,807, मेमोरी टेस्ट में 221,449 और U टेस्ट में 223,943 स्कोर किया है। कुल मिलाकर इसने 972,222 स्कोर किया है। लिस्टिंग में खुलासा हुआ है कि Z8 में 120Hz रिफ्रेश रेट सपोर्ट वाली स्क्रीन, Dimensity 8200 प्रोसेसर, 12GB LPDDR5 RAM, 512 GB स्टोरेज और एंड्रॉयड 13 का सपोर्ट करता है।

iQOO Z8 और iQOO Z8x के स्पेसिफिकेशंस

TechGoing की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी टिप्सटर ने खुलासा iQOO Z8 और iQOO Z8x में 6.64 इंच की FHD+ LCD डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 2388 x 1080 पिक्सल और रिफ्रेश रेट 120Hz है। प्रोसेसर के लिए दोनों फोन Dimensity 8200 और Snapdragon 6 Gen 1 चिप पर काम करते हैं। iQOO Z8 में 12GB RAM और 512GB स्टोरेज दी गई है। यह फोन 5,000mAh की बैटरी से लैस है जो कि 120W फास्ट चार्जिंग करता है। iQOO Z8x में 12GB RAM और 256GB इनबिल्ट स्टोरेज दी गई है। यह फोन 6,000mAh की बैटरी से लैस है जो कि 44W फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट करती है।

टॉप ट्वीट

हंगरी की एक सड़क है। इस रोड ने अपनी अनोखी तकनीक से उन ड्राइवर्स को सम्मानित करने का काम किया है, जो सड़क पर सुरक्षित ढ़ंग से ड्राइव करते हैं।.

**महिंद्रा गुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा**





गदर-2 की आंधी के बीच अच्छा ओपनिंग कलेक्शन ले जाना, अक्षय कुमार के स्टारडम को बताता है, साथ ही फिल्म के कंटेंट में दम को भी दिखाता है।

**अक्षय कुमार बॉलीवुड हीरो**

संपादक के नाम पत्र

## बांका में दबंगों ने 40 दिन के मासूम को पटक कर मार डाला

वर्तमान समय मे मनुष्य निष्ठुर और पत्थर दिल हो जाएगा,ऐसा किसी ने सपने में ही नई सोचा होगा ।चालीस दिन के मासूम पर भी दबंगो का दिल नही पसीजा और मासूम को पटक कर उसकी जान ले ली ।यह मानवता को शर्मसार करने वाली कलंकित घटना है ।इसको सिरे से खारिज कर दानवता की पराकाष्ठा पार करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए ।ऐसे दबंगो को बख्शा नही जाना चाहिए ।ये निष्ठुर पापी और सभ्य समाज पर कालिख पोतने का काम करते है ।नवजात मासूम ने क्या बिगाड़ा था ।बड़ो के बीच झगड़े में मासूम की मासूमियत पर तरस नही आया ।बांका के पतिचक में मामूली विवाद को लेकर घर ने घुसे दबंगो ने 40 दिन के मासूम को जमीन पर पटक कर मार डाला ।क्रोध विनाश का घर है ।उनको थोड़ा सा भी आभास नही हुआ और न ही उनको उस पर तरस आया ।फूल समान कली की निर्मम हत्या करने वाले इंसान कहलाने के अधिकारी नही है ।घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए है ।बालू हटाने की बात पर दबंगो ने मारपीट कर घर मे घुस गए ।पति पत्नी के साथ मारपीट कर चालीस दिन के मासूम को पटक कर हत्या कर फरार हो गए ।नवजात का नामकरण तक नही हुआ था ।ऐसे समाज मे दानवता पनप रही है ।यह घोर कलयुग की निशानी है ।धर्म के नाम पर,जाति के नाम पर लोग आमने सामने आ जाते है ।कातिल को सख्त से सख्त सजा तो मिलेगी,लेकिन बिहार के इस जंगल राज पर एक बारगी नजर करने की जरूरत है ।बिहार में जंगल राज की सुरुआत हो चुकी है ।लखीमपुर में महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। ऐसी घटनाएं अक्सर अखबार की सुर्खियो में रहती है ।नीतीश कुमार ने जब से पीएम बनने की तैयारी शुरू की है तब से बिहार पर उनका ध्यान नहीं है। **कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### आप ने निगम को सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर** : आम आदमी पार्टी के जिला सह प्रभारी मो हकीम वारसी के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल ने मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंप कर आजाद नगर क्षेत्र मे तेजी से पांव फैला रहे डेंगू रोग की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाने की गुहार लगाई ।

## सिटी अपडेट्स >>

### छह दिवसीय आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**हजारीबाग** : हजारीबाग में समावेशी शिक्षा एवं सामाजिक समावेश कार्यक्रम के अंतर्गत दृष्टिबाधित किशोरियों के लिए होटल कैनेरी इन में आयोजित 6 दिवसीय आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता,सुनीला लकड़ा अतिरिक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,लालिमा ज्योत्स्ना लकड़ा, जिला समावेशी शिक्षा प्रभाग प्रभारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना हजारीबाग, शांति मार्डी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड आजीविका मिशन एवं डॉ. जीतेन्द्र कुमार, वरिष्ठ कार्यक्रम पदाधिकारी, साईटसेवर्स इंडिया के उपस्थिति में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन साईटसेवर्स के तकनीकि सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दृष्टिबाधित किशोरियों में आत्म शुरक्षा के तकनीक से अवगत कराकर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही इस दौरान आत्म रक्षा के तकनीक के मदद से पाराओलंपिक में भी भाग लेने की संभावनाओं के बारे जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राजनीतिक दल ओबीसी वर्ग को छल रहे: विनोद

**बड़कागांव** : बड़कागांव झारखंड का हेमंत सरकार ओबीसी वर्ग विरोधी सरकार है। हालांकि सभी राजनीतिक दल द्वारा झारखंड में ओबीसी वर्ग को छलने एवं ठगने का कार्य किया जा रहा है। उक्त बातें बड़कागांव के पीजीटी परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहीं। बड़कागांव स्थित झारखंड महाविद्यालय के प्रांगण में अभ्यर्थी विनोद यादव, किरण कुमार, सुरेश चौधरी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में 40 प्रतिशत आबादी वाली ओबीसी वर्ग को उपेक्षित करना सभी राजनीतिक दलों का नीति बन गई है। झारखंड के लिए इतनी बड़ी आबादी की ज्वलंत मुद्दा किसी भी राजनीतिक दल का इस ओर ध्यान नहीं है। अभ्यर्थियों ने आगे कहा कि अभी सीबीटी मोड़ के तहत पीजीटी का परीक्षा चल रही है। इसमें मात्र गणित में 5 पद, कॉमर्स में 4 पद एवं अंग्रेजी में 1 पद ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की गई है। जबकि झारखंड में ओबीसी की जनसंख्या 40 प्रतिशत है, बाकी किसी भी विषय में एक भी पद आरक्षित नहीं है। अभ्यर्थियों ने आगे कहा कि इस आलोक में मनोज वर्मा नामक युवक रांची हाई कोर्ट में इस रिक्तियों के विरुद्ध याचिका संख्या 2113 दिनांक 20/4/ 2023 को याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में हाई कोर्ट द्वारा झारखंड सरकार से जवाब मांगा गया था। लेकिन तारीख पर तारीख बढ़ाते हुए टालमटोल की गई और बिना कोई निर्णय का परीक्षा भी ली जा रही है। इस परीक्षा से ओबीसी वर्ग के बड़ी संख्या वंचित हो रहे हैं। अभ्यर्थियों ने आगे कहा कि झारखंड सरकार की हठधर्मिता के कारण पीजीटी के ओबीसी अभ्यर्थी बाध्य होकर पुनः रांची हाई कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। साथ ही साथ ओबीसी मोर्चा का अलग गठन कर आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में इसका पुरजोर विरोध करते हुए सभी राजनीतिक दलों का बहिष्कार किया जाएगा।

---

**विकास** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आपातकालीन सुविधाओं में विस्तार

# विधायक की पहल पर मिला दो एंबुलेंस

- मरीजों को मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधा
- केंद्र की समस्याओं का होगा निदान
- डिजिटल एक्सरे व ईसीजी मशीन की आवश्यकता

राष्ट्रीय खबर



**पलामू** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 30 बेड की क्षमता वाला हरिहरगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को विधायक कमलेश कुमार सिंह के पहल पर 108 नम्बर के दो सरकारी एंबुलेंस उपलब्ध करा दिया गया है।

जिसका उद्घाटन विधायक के निर्देश पर मंगलवार को सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार के साथ एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता,प्रखण्ड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह,उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह आदि नेताओं ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ ही नारियल फोड़कर की। इस अवसर पर ऑनलाइन सम्बोधन में विधायक श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र के मरीजों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग के सेक्रेटरी से हरिहरगंज सीएससी को एंबुलेंस उपलब्ध करा दिया है। उन्होंने प्रभारी से कहा कि अस्पताल में कोई भी परेशानी होने पर उन्हें जानकारी दें।

उसका समाधान कराया जाएगा । वे दवा से लेकर अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। साथ ही विधायक ने कहा कि चिकित्सा व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहे इसके लिए चिकत्सकों , स्वास्थ्य कर्मियों को भी सार्थक सोंच के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों को एंबुलेंस का सही उपयोग करने का भी निर्देश दिया।वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार ने मरीजों की बेहतर सुविधा के लिए सीएचसी में डिजिटल एक्सरे और ईसीजी मशीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। जबकि एनसीपी नेताओं ने गांव की गलियों तक मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए सीएचसी में एक और छोटा एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग भी की। जिस पर विधायक ने सकारात्क आश्वाशन दिया।

इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी ने बताया कि आपातकालीन चिकित्सीय स्वास्थ्य सलाह के लिए 104 पर डायल करने की सुविधा भी उपलब्ध है। चिकिसत्क हमेशा ही मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं। मौके पर डॉ गोपाल प्रसाद , डॉक्टर तौहीद अहमद,बीपीएम संजय कुमार , राजकुमार सिंह ,सरोज कुमार , डॉक्टर अनीश कुमार , एनसीपी के उदय मेहता , रामप्रसाद भुईयां सहित कई लोग मौजूद थे।

## अखंड हरि कीर्तन में सम्मिलित हुए पूर्व विधायक व बीडीओ

राष्ट्रीय खबर



**चौपारण** : चौपारण प्रखंड सह अंचल कार्यालय चौपारण परिसर में अवस्थित शिव मंदीर में 24 घण्टे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व बीडीओ सह सीओ प्रेमचंद सिन्हा ने समूहिक रूप से हरिकीर्तन की शुरूवात विधिवत रूप से पूजा अर्चना व हरि भजन गाकर किया। पूर्व विधायक ने कहा कि श्रवण मास का पवित्र महीना चल रहा है। भगवान भोलेनाथ की सच्चे मन से आराधना करने पर भगवान भोलेनाथ की कृपा सदैव बना रहता है। प्रभु श्रीराम व भगवान श्री कृष्ण का नाम जपने से सारे कष्टो का निवारण होता है। मालूम हो कि प्रखण्ड सह अंचल कर्मियों व पपरो सहित आसपास के युवा श्रद्धालुओं के सहयोग से अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय भाजपा नेता सतेंद्र सिंह रामचंद्र सिंह ताजपुर उपमुखिया प्रतिनिधी जितेंद्र राणा युवा समाजसेवी जितेंद्र दीपक विश्वकर्मा बिनोद सिंह प्रमेश्वर यादव बिनोद साव प्रखण्ड कर्मी सतेंद्र कुमार चंदन पासवान सुदामा सिंह सहित अन्य। इस दौरान पूर्व विधायक ने हरिकीर्तन गाकर सबको खुमाया।

## आईसेक्ट विवि में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग व अमानत का कोर्स शुरू, नामांकन जारी



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** हजारीबाग सत्र 2023-24 से डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग और अमानत के कोर्स आईसेक्ट विश्वविद्यालय में शुरू किए गए हैं। तीन वर्षीय डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मेक्निकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, माइनिंग इंजीनियरिंग व सिविल इंजीनियरिंग के लिए विश्वविद्यालय में नामांकन लिए जा रहे हैं। अमानत के लिए एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स भी नए सत्र से संचालित है। जबकि यूजी, पीजी व डिप्लोमा के विभिन्न कोर्सों में भी आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग में नामांकन जारी है। उक्त जानकारी देते हुए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि बीए, एमए के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, इतिहास, भूगोल, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान व अन्य ऑनर्स के साथ विद्यार्थी नामांकन करा सकते हैं। वहीं बीएससी व एमएससी के अंतर्गत फिजिक्स, कैमेस्ट्री, मैथ्स, बॉटनी व जुलॉजी में विद्यार्थी नामांकन करा सकते हैं। डॉ गोविंद ने बताया कि इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में बीलीब, एमलीब, डीसीए, पीजीडीसीए, पीजीडीआरडी, बीजे, एमजे व योग में डिप्लोमा की पढ़ाई आईसेक्ट विश्वविद्यालय से विद्यार्थी पूरा कर सकते हैं। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय में कई व्यवसायिक कोर्स भी संचालित हैं, जिसमें बीएससी आईटी, एमएससी आईटी, बीएससी एग्रीकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर, बीबीए, एमबीए, बीबीए, एमसीए, बीपीए, एमपीए, बीएफए, एमएफए, एम इन एजुकेशन व एमए इन योगा के कोर्स हैं। इन व्यवसायिक कोर्सों में भी विद्यार्थी नामांकन कराकर पढ़ाई पूरी कर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। बीकॉम व एमकॉम के लिए भी विद्यार्थी आईसेक्ट विश्वविद्यालय में आवेदन कर सकते हैं। डॉ गोविंद ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय कैंपस आकर या 8252299990, 8292846702, 8404884433 पर संपर्क कर नामांकन संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## शिक्षा के क्षेत्र में किया जाने वाला कार्य ही अनुसंधान : डॉ यादव



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग फैकेल्टी विकास कार्यक्रम के दूसरे डॉ शशिकांत यादव-प्राचार्य एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हजारीबाग ने विषय प्रवेश कराते हुए मंगलवार को भी कार्यक्रम की शुरूआत की। आनलाइन मोड से फैकेल्टी विकास कार्यक्रम के दूसरे-दिन मुख्य वक्ता डॉ सुनील सेन प्राध्यापक (शिक्षा विभाग) गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने शैक्षिक अनुसंधान का मूल्यांकन विषय की व्याख्या करते हुए बताया कि शैक्षिक अनुसंधान से तात्पर्य उस अनुसंधान से होता है जो शिक्षा के क्षेत्र में किया जाता है। उसका उद्देश्य शिक्षा के विभिन्न पहलुओं आयामों प्रक्रियाओं आदि के विषय में नवीन ज्ञान का सृजन वर्तमान ज्ञान की सत्यता का परीक्षण उसका विकास एवं भावी योजनाओं की दिशाओं का निर्धारण करना होता है। तार्किक ढंग से चिंतन परिश्रम शुद्धता की निश्चितता विश्लेषणात्मक दृष्टिकोणतथ्यों से संबंध आलोचनात्मक निरीक्षण ईमानदारी के साथ कार्य करना मूल्यांकन उपयुक्त अनुसंधान की वर्ण व्याख्या से स्पष्ट है कि शैक्षिक दृष्टि से अनुसंधान कितना महत्वपूर्ण है। बिना अनुसंधान के शिक्षा के सैद्धांतिक पक्ष को मजबूत नहीं किया जा सकता है। विद्यालय के दैनिक कार्यों संगठन संचालन शिक्षण प्रक्रिया शिक्षण पद्धतियों एवं मूल्यांकन नितियों में किस प्रकार सुधार किया जा सकता है। इन सब की जानकारी हमें अनुसंधान के द्वारा होती है। आनलाइन मोड से उक्त फैकेल्टी विकास कार्यक्रम का लाभ लगभग लगभग 150 प्रतिभागियों ने उठाया। धन्यवाद ज्ञापन अमित सिंह-समन्वयकआंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व्दारा किया गया। फैकेल्टी विकास कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ सुषमा कुमारी डॉकुमारी सुभ्रा रानी सिल डॉ रूपा रानी सलाहकार समिति के सदस्यों एवं तकनीकी सहायक का योगदान सराहनीय रहा।

## झारखंड साहित्य परिषद का मासिक साहित्य गोष्ठी

राष्ट्रीय खबर



**हाता** : पूर्व निर्धारित निर्णय अनुसार दिनांक 20 सितम्बर 2023 को अपराह्न 3 बजे नुआग्राम में परिषद के सचिव शंकर चंद्र गोप के बास भवन में झारखंड साहित्य संस्कृति परिषद का मासिक साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष भावतारण मंडल ने की। गोष्ठी के पहले परिषद के सचिव शंकर चंद्र गोप ने सभी साहित्यकारो और सदस्यों को स्वागत किया। बैठक में झारखंड प्रभा का 16 वा अंक का गुण और मान को उन्नत करने पर विचार किया गया तथा पत्रिका का अंतिम रूप दिया गया। रचनाओं की जमा करने का अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त तक किया गया। झारखंड प्रभा का विमोचन आगामी 15 अक्टूबर को माताजी आश्रम में किया जायेगा। साहित्य गोष्ठी में सुनील कुमार दे, करुणामय मंडल, भबतारण मंडल, शंकर चंद्र गोप आदि ने स्वरचित कविता पाठ किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन भवतारण मंडल ने किया। गोष्ठी का संचालन झारखंड प्रभा के संपादक सुनील कुमार दे ने किया। इस अवसर पर सुदीप कुमार मुखर्जी, कृष्ण पद मंडल, सुधांशु शेखर मंडल, राजकुमार साहू, जन्मेजय सरदार, उज्वल कुमार मंडल, विस्वामित्र खंडायत,अमल कुमार दास, कमल कांति घोष, भबतारण मंडल, सुनील कुमार दे, सावित्री गोप, झरना साहू आदि उपस्थित थे। परिषद का अगला मासिक साहित्य गोष्ठी पिछली गांव में जन्मेजय सरदार के बास भवन में आगामी 17 सितम्बर 2023 को अपराह्न 2 बजे रखी गई है।

**हौसला** दिव्यांग खिलाड़ी का सहारा बने हर्ष अजमेरा, खेल सामग्री भेंट कर बढ़ाया हौसला

# झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे राजेश

- दिव्यांग खिलाड़ी राजेश कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं:हर्ष
- राजेश कुमार की जीत की कामना करता हूं

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबागः** हजारीबाग वक्त के साथ हर कुछ बदल रहा है लोग शिक्षा के साथ खेल की ओर अग्रेषित हो रहे हैं। खेल के छात्र छात्राओं का हौसला हर वक्त और हर समय शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा कर रहे हैं इसी क्रम में उन्होंने अपने कार्यालय परिसर में दिव्यांग खिलाड़ी राजेश कुमार से मुलाकात, इस दौरान राजेश कुमार ने हर्ष अजमेरा से व्यक्तित्व की दिन चर्चा को लेकर काफी कुछ बात किया इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा चयन झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के लिए हुआ है।

अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 26 एवं 27 अगस्त को तमिलनाडु के कोयंबटूर बोर्ड में आयोजित जिले की प्रीमियर लीग के तहत त्रिकोणीय सीरीज में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए खेलेंगे।

झारखंड के अलावा केरल, तमिलनाडु सहित अन्य राज्य के कई खिलाड़ी जीत के लिए अपनी अपनी देवदारी पेश करेंगे। बातों ही बातों में दिव्यांग खिलाडी राजेश कुमार ने कहां की अच्छे प्रदर्शन के लिए अच्छी खेल सामग्री की अत्यंत आवश्यकता होती है।

दिव्यांग खिलाड़ी की बात को सुनते ही हर्ष अजमेरा ने तत्काल अपने कार्यालय के कर्मचारियों को खेल सामग्री लाने के लिए भेजा खेल सामग्री आती ही दिव्यांग राजेश कुमार को खेल सामग्री भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए , उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। हर्ष अजमेरा ने कहा की किसी के लिए कुछ कर सकूं, इससे बड़ा मेरे जीवन में और कोई खुशी नहीं हो सकता। दिव्यांग खिलाड़ी राजेश कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। तथा राजेश कुमार की जीत की कामना करता हूं।

दिव्यांग खिलाड़ी राजेश कुमार ने कहा की मैंने अपने जीवन में कई व्यक्ति को देखा है उनसे मुलाकात की है पर हर्ष अजमेर जैसा व्यक्ति मै आज तक कहीं नहीं मिला, मेरी उनसे बात हुई और कुछ मिनटों में ही उन्होंने मुझे खेल सामग्री आशीर्वाद के तौर पर बैठ कर दिया। हर्ष सर के द्वारा प्राप्त खेल सामग्री को मैं मेडल जीतकर उन्हें समर्पित करूंगा। इनका आशीर्वाद मेरे लिए देवतुल्य से कम नहीं होगा।

---

## न्यूज फटाफट

### बंशीधर मंदिर धर्मशाला शीघ्र होगा अतिक्रमण मुक्त

**इचाक** : इचाक इचाक बाजार स्थित बंशीधर मंदिर धर्मशाला को बहुत जल्द किया जाएगा अतिक्रमण मुक्त। अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु झामुमो जिला महिला अध्यक्ष प्यारी देवी पति उमेश गुप्ता मैं लंबे समय से हुआ संघर्ष के बाद अतिक्रमण मुक्त कार्य अंतिम चरण में है। झामुमो कार्यकर्ता प्यारी देवी ने बताया कि बंशीधर मंदिर एवं धर्मशाला को कई दुकानदारों ने मिलकर अतिक्रमण किए हुए हैं जिससे पूजा पाठ करने में भी काफी सामना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में हमने कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया जो मामला अभी लंबित है। कई बार झारखंड सरकार हेमंत सोरेन ने इस संबंध में अतिक्रमण मुक्त करने व जानकारी कार्यालय में सूचित करने का निर्देश भी दिया था। जो लंबे अरसे के बाद आज सरकार के निदेर्शानुसार अंचलाधिकारी मनोज कुमार महथा, अंचल निरीक्षक राजस्व कर्मचारी युनुष अंसारी, अंचल अमीन महेश मेहता ने आज नापी कर अतिक्रमण मुक्त करने के बात कही।

### एलएम नर्सिंग कॉलेज भवन का भूमि पूजन 24 को

**इचाक** : इचाक एलएम नर्सिंग कॉलेज भवन का शिलान्यास 24 अगस्त को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे इचाक में किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए एलएम एजुकेशनल ट्रस्ट के निदेशक लखन कुमार मेहता ने बताया कि एलएम नरसिंग कॉलेज की मान्यता मिलने के साथ ही विधिवत सभी कार्य किया जा रहा है। इचाक में भवन नही होने के कारण वर्तमान में सभी कार्य मटवारी जागो निवास से किया जा रहा है। भवन का शिलान्यास एलएम आईटीआई परिसर में किया जायेगा। जिसका निर्माण करीब एक वर्ष में पूर्ण किये जाने की संभावना है। भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही। अगले शैक्षणिक सत्र से इचाक में पढ़ाई चालू कर दी जाएगी। श्री मेहता में यह भी बताया कि नर्सिंग में नामांकन के लिए सरकार द्वारा इंट्रेंस एक्जाम लिया जा चुका है। रिजल्ट प्रकाशित होते ही। नामांकन चालू हो जाएगा।

### आदर्श इंटर कॉलेज में साक्षरता क्लब का किया गया गठन

**इचाक** : इचाक आदर्श इंटर कॉलेज के प्रांगण में निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया ।इस बैठक में निम्न प्रस्ताव लिए गए। इस क्लब का आयोजन का उद्देश्य मतदाता प्रतिशत बढ़ाना है। क्लब में संस्थान के प्रमुख अध्यक्ष के तौर पर प्राचार्य मनीष कुमार को नियुक्त किया गया ।शिक्षक मनोज कुमार को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 9,10,11 एवं 12के छात्र छात्राओं को भावी मतदाता को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे छात्र छात्रा अपने-अपने गली मोहल्ले एवं गांव के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे साथ ही साथ छात्र छात्राओं को फॉर्म 6, 7, 8 के विषय में जानकारी दी गई जिसमें नए मतदाता का चयन ,मृत एवं प्रवासी मतदाता को सूची से हटाना तथा त्रुटिपूर्ण सूची में सुधार करना है। निर्वाचन साक्षरता क्लब संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री जीवन कुमार ने बच्चों को मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। इस सभा में मुख्य रूप से ओंकार मेहता ,वासुदेव पांडे, युगेश कुमार मुन्ना पांडे, खुर्शीद आलम,कुमारी अंजली , संगीता कुमारी, राजेश प्रसाद मनोज कुमार एवं सुरेंद्र कुमार शर्मा तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डुमरी उपचुनाव को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान



**पीरटांड** : पीरटांड़ थाना के सामने डुमरी उपचुनाव को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसका औचक निरीक्षण करने मंगलवार को बीडीओ मनोज कुमार मरांडी पहुंचे और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने जायजा लिया कि बेरियर लगा के वाहन का जांच ठीक से किया जा रहा है। या नही। बीडीओ ने देखा कि सभी गाड़ियों को रोक के पूछताछ के साथ-साथ जांच भी किया जा रहा है। वही पीरटांड़ थाना प्रभारी ने बताया कि डुमरी उप चुनाव को देखते हुए वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में अप्रिय घटना ना हो इसके लिए सभी वाहन का अच्छी तरह जांच किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह से उपचुनाव को देखते हुए चौकन्ना है। साथ ही वाहनों के जांच का वीडियो रिकॉर्डिंग भी किया जा रहा है।

### नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर** : आजादनगर स्थित अल अम्मारा पब्लिक स्कूल प्रांगण में पुर्णिमा नेत्रालय के सौजन्य से एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिस मे 30 अभावग्रस्त व जरूरतमन्द लोगों की आंखों की जांच की गई जिन मे 5 लोगों की आंखों मे मोतियाबिन पाए गए। उन पांच मरीजों का निशुल्क मोतियाबिन आपरेशन पूर्णिमा नेत्रालय पारडीह मे दो दिनों के बाद किया जाएगा।

### प्राचीन शिव मंदिर में श्रावण मास में लगता है खीर का भोग



**हजारीबाग** : हजारीबाग यूं तो सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की आराधना में समस्त सनातनी अपने स्तर से जुड़े रहते हैं और विभिन्न शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ता है लेकिन हजारीबाग शहर के पश्चिमी शिवपुरी में एक शिवालय ऐसा भी है जहां भक्त सावन माह में प्रत्येक दिन खीर,फल व मिठाई का भोग लगाते हैं और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकजुट होकर भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीन रहते हैं। शिवपुरी के पंचायत भवन के समीप अवस्थित श्री मालकालेश्वर नाथ सार्वजनिक शिव मंदिर का निर्माण सन 30 जून 1995 में हुआ था। यहां के पुरोहित देवशरण पाण्डेय, आनंद पांडेय व यहां के यजमान ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रावण मास में प्रतिदिन यहां खीर, फल और मिठाई का भोग लगाया जाता है। प्रतिदिन दो सौ से अधिक श्रद्धालु यहां उपस्थित होकर बाबा भोलेनाथ की आराधना करते हैं और प्रसाद पाते हैं। इस मंदिर परिसर में भगवान शिव परिवार के अलावे वीर बजरंगबली की प्रतिमा और मंदिर विराजमान है और यहां का नजारा भक्ति की भक्ति से गुंजायमान होकर सावन के महीने में अलौकिक लगता है। मान्यता है कि यहां शुद्ध मन से मांगी गई मुरादें पूरी होती है। मंदिर के अध्यक्ष संतोष कुमार, मंदिर के पूर्व अध्यक्ष राजीव प्रताप और मंदिर के कोषाध्यक्ष शशि कुमार भारती सहित मंदिर के सक्रिय सदस्य संजीव कुमार सिन्हा, सुजीत सोनी, टिंकू, अरुण, सुनील चौधरी, रोहित देव, लाली सहित समस्त शिवपुरिवासी अन्य लोग मंदिर प्रबंधन में जुटे रहते हैं और भक्तों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान रखते हैं।

## शहर >> अपडेट

### हजारीबाग रोड, गझंडी और चौबे स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव

**कोडरमा:** 25 अगस्त 2023 से 18625/26 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस का चौबे स्टेशन पर, 18623/24 इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस का गझंडी स्टेशन पर, 12987/88 सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस का हजारीबाग रोड स्टेशन पर और 12379/80 सियालदह-अमृतसर जलियांवालाबाग एक्सप्रेस का कोडरमा स्टेशन पर ठहराव शुरू होगा। सांसद और मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि परसाबाद, हीरोडीह, यदुडीह, चिचाकी, चौधरीबांध आदि स्टेशनों पर भी कुछ अन्य ट्रेनों के ठहराव का प्रस्ताव दिया गया है, जिसे जल्दी ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

## सिटी अपडेट्स >>

### श्रम एवं कौशल विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक

**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में श्रम एवं कौशल विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक सह जिला कौशल पदाधिकारी अनिल कुमार रंजन से जिले के कुल निबंधित श्रमिकों की जानकारी ली एवं कहा कि हजारों ऐसे श्रमिक अभी भी है। जिनका अब तक ई-श्रम कार्ड नहीं बना है। वैसे श्रमिकों का पचांयत स्तर पर अभियान चलाकर निबंधन कराएं, जिससे उन्हें व उनके परिजनों को सरकार द्वारा लाभ मिल सके। साथ ही अंतरराज्यीय पलायन की स्थिति और श्रमिकों की संख्या का जुटान करें और ऐसे श्रमिकों को मैसेज भेजकर निबंधन से संबंधित जानकारी दे। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को भी कहा कि जिले की सभी जल सहिया,आशा वर्कर,आंगनबाड़ी सेविका,एस एच जी दीदियों व अन्य का भी निबंधन जल्द से जल्द करवाएं। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक सह जिला कौशल पदाधिकारी अनिल कुमार रंजन, डीपीएम जेएसलपीएस, जिला कृषि पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बाबूलाल के खिलाफ जेएमएम ने करायी एफआईआर दर्ज

**लोहरदगा:** झामुमो लोहरदगा जिला समिति के जिला सचिव अनिल उरांव ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिला सचिव ने अपने आवेदन में लिखा है कि झारखंड के निर्माण में हमारे समाज के कई नेताओं के बलिदान खासकर शिबू सोरेन एवं उनके परिवार के द्वारा कठिन संघर्ष एवं त्याग के उपरांत झारखंड राज्य का निर्माण हुआ। श्री शिबू सोरेन जी को दीशूम गुरु की उपाधि से सम्मानित किया गया है। झारखंड राज्य के प्रत्येक नागरिक को अपने राज्य में मान और सम्मान के साथ रहने का पूरा अधिकार है। किसी को भी अधिकार यह अधिकार नहीं है कि किसी भी नागरिक को घृणित और अपमान जनक शब्दों से संबोधित करें।चाहे वह सामाजिक बैठक के द्वारा सोशल मीडिया के द्वारा या प्रिंट मीडिया के द्वारा हो, ऐसा कोई भी व्यक्ति राजनीतिक लाभ लेने हेतु ऐसी घृणित या अपमानित शब्दों का प्रयोग करता है, तो यह अपराध की श्रेणी में आता है।

**प्रदर्शन** श्रम कल्याण कार्यालय के समक्ष निर्माण कामगारों ने किया प्रदर्शन

# मेहनतकश मुफलिसी के कगार पर: संजय

राष्ट्रीय खबर




**झुमरीतिलैया:** कौन बनाया हिन्दुस्तान, भारत के मजदूर किसान के गगनभेदी नारों के साथ सीटू से सम्बद्ध कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीडब्लूएफआई) के देशव्यापी आह्वान पर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्रम कल्याण ऑफिस के समक्ष धरना देकर प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व सीटू नेता और यूनियन के राज्य संयुक्त सचिव प्रेम प्रकाश ने किया। धरना स्थल पर यूनियन के नगर अध्यक्ष नागेश्वर दास की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सीटू नेता और झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के राज्य महासचिव व सीडब्लूएफआई केन्द्रीय कमिटी सदस्य संजय पासवान ने कहा कि देश की मेहनकश आवाम आज भी भूख, गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव और सामाजिक शोषण का दंश झेल रहा है। भारतीय निर्माण उद्योग कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। जहां लगभग 51 मिलियन लोग काम करते हैं और देश की जीडीपी में लगभग 11 प्रतिशत का योगदान देते हैं। निर्माण मजदूरों के लिए 1996 के कानून को संघर्षों के बल पर पूरे देश में लागू करवाया गया। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड मे निर्माण मजदूरों का बड़ा हिस्सा पंजीकृत नहीं हुआ हैं। कानून बनने से लेकर अब तक कुल 78521.24 करोड़ रुपये सेस से वसूली की गई है। जिसमें 35399.40 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए। केरल में निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड को छोड़कर झारखंड सहित सभी राज्यों में हजारों करोड़ रुपये पड़ा हुआ है। लेकिन मजदूरों पर खर्च नहीं किया जा रहा है। सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने निर्माण श्रमिकों के हक के लिए लाल झंडे के तले मजदूरों को लामबंद होने और लम्बी लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। मजदूर नेता और निर्माण यूनियन के सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि आज निर्माण मजदूरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई रोज बढ़ रहा है, मजदूरों को परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। धरना के बाद एक सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल श्रम अधीक्षक से मिलकर 8 सूत्री मांग पत्र सौंपकर वार्ता किया। मांगों में सभी निर्माण श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 26000 और 10 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन सुनिश्चित करने, निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमत पर रोक लगाने व जीएसटी खत्म करने, निर्माण श्रमिक कल्याण निधि का दुरूपयोग बंद करने, मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लेने, बीओसीडब्लू अधिनियम 1996 और अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिक अधिनियम 1979 को मजबूत करने, सभी निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण व समय पर लाभ सुनिश्चित करने, सेस से जमा करोड़ों रुपये मजदूरों पर खर्च करने, फर्जी मजदूरों का पंजीकरण रद्द कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग शामिल है। सभा को कर्मचारी नेता दिनेश रविदास, मुखिया विरेन्द्र यादव, यूनियन नेता शंभु पासवान, राजेन्द्र पासवान, बालेश्वर राम आदि ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। कार्यक्रम में रविन्द्र भारती, अशोक रजक, तालेवर दास, सहदेव दास, संजय यादव, रामजनम कुम्हार, श्यामनंदन पासवान, राजू यादव, मो हसीम, मुकेश सिहं, पार्वती देवी, मुंशी दास, गीता देवी, सुनीता देवी, राधा देवी, बसंती देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरूष शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### ओम कौशल्या हॉस्पिटल में स्वास्थ्य जांच शिविर

**कोडरना:** जिला मुख्यालय स्थित ओम कौशल्या हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में 24 अगस्त को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा। यह जानकारी हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ विशाल कुमार ने दी। बताया कि रक्षा बंधन के उपलक्ष्य पर हॉस्पिटल परिसर में 24 अगस्त को आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का न केवल नि:शुल्क इलाज किया जायेगा, बल्कि एक्सरे, दवा और खून की जांच में भी विशेष छूट दी जायेगी। वहीं जरूरतमंद मरीजों के बीच दवा का वितरण किया जायेगा।

### रक्षाबंधन 30 और 31 अगस्त दोनों दिन मनाया जाएगा- बसंत शास्त्री



**जयनगर:** प्रखंड के गोहाल निवासी आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज ने कहा कि रक्षाबंधन 2023 तिथि व मुहूर्त इस साल रक्षाबंधन का त्योहार 30 और 31 अगस्त दोनों दिन मनाया जाएगा। हालांकि, भद्रा होने की वजह से त्योहार 30 अगस्त की रात और 31 अगस्त की सुबह तक मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ: 30 अगस्त की सुबह 11 बजे से पूर्णिमा तिथि का समापन: 31 अगस्त की सुबह 7 बजकर 7 मिनट तक भद्रा की शुरूआत: 30 अगस्त की सुबह 11 बजे से भद्रा की समाप्ति: 30 अगस्त की रात 09 बजकर 03 मिनट पर राखी बांधने का मुहूर्त: 30 अगस्त की रात 9 बजकर 3 मिनट से 31 अगस्त 2023 की सुबह 7 बजकर 7 मिनट तक ह

### भाजपा जयनगर मंडल की बैठक 23 अगस्त को

**जयनगर:** मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी ने बताया कि जयनगर दुर्गा मंदिर में भारतीय जनता पार्टी जयनगर मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष, उनके कार्य समिति सदस्य, सभी पंचायत के संयोजक सह संयोजक, सभी बूथ के अध्यक्ष एवं जिले के पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा कार्यक्रम चल रहा है उसी निमित्त बरकट्ठा विधानसभा में 5 सितंबर को कार्यक्रम तय हुआ है। इस निमित्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू दिनांक 23 अगस्त को जयनगर दुर्गा मंडप के प्रांगण में समय 10 बजे दिन रखा गया है। बैठक के मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधानसभा के विधायक अमित कुमार यादव होंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं से समय से पहुंचकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

## बाबूलाल मरांडी का भाजपा कार्यकताओं ने स्वागत किया



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार:** पेटरवार प्रखंड भाजपा अध्यक्ष रविशंकर जायसवाल के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का भाजपा कार्यकताओं ने स्वागत किया। वे डुमरी विधानसभा क्षेत्र में आगामी 5 सितंबर को होने वाले उप चुनाव के लिए चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए डुमरी जा रहे थे। इसी दौरान कुछ देर के लिए पेटरवार तेनुचौक स्थित समाधान कार्यालय में रुके थे। जहां पर पेटरवार के भाजपा कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर अविभाजित बिहार के पूर्व वित्त राज्य मंत्री सह गोमिया के पूर्व विधायक छत्रुराम महतो, गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य प्रहलाद महतो, डॉ सुरेंद्र राज, लक्ष्मण कुमार नायक, शांतिलाल जैन, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष असित कुमार बनर्जी, अनिल स्वर्णकार, संजय सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा, अर्जुन हेम्ब्रम, सेवा गंझू, मनसा मरांडी, देव नारायण प्रजापति, रितेश सिन्हा, यदुनंदन जायसवाल, राजेश पांडेय, मुकेश ओझा, अकील मरांडी, प्रदीप कुमार नायक, राजेश नायक, पिंटू महतो, रौशन खन्ना सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन घरों को किया ध्वस्त

राष्ट्रीय खबर



**बालूमाथ:** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेगाड़ा पंचायत के हाही टोला में हाथियों के झुंड ने फिर अन्तंक मचा कर 3 घरों को पूरी तरह ध्वस्त कर घर रखे सारे सामान को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। पीड़ित मीना मसोमत पति स्वर्गीय भीखन गांझु माहेश्वरी गांझु पिता स्व चोहन गंझू एवम बालेश्वर गांझू पिता चरकू गांझु के घर में रखे अनाज चावल आलू धान बिहन इत्यादि को खा गए। घर में रखे सारे सामान को तोड़ते एवम दिवाल गिर जाने से घर में रखे बर्तन बकस्का अलमारी बेड एवम खाद्य पदार्थ तक खा के बर्बाद कर दिए। गरीब परिवार के घर को नुकसान पहुंचने के कारण अब पीड़ित परिवार को इस बारिश में सर छुपाने का कोई स्थान नहीं। खाने पीने का सारा सामान एवं बर्तन तक नष्ट हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार एवम सेरेगाड़ पूर्व मुखिया सुरेंद्र ओरांव पीड़ित के घर हाहि पहुंच पीड़ित परिवार से मिल मामले की जानकारी ली और मौके पर वन विभाग के गार्ड के साथ बात कर पीड़ित परिवार के नुकसान का जायजा लेने की बात कही। वन विभाग के कार्य पर बहुत बड़ा सवाल उठता है। आखिर वन विभाग सिर्फ मृतक को मुआवजा देने के लिए बना है। या गरीब परिवार पर फर्जी केस कर पैसा कमाने का जरिया बना दिया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा की वन विभाग एवं सरकार के इस रवैया से सुदूर क्षेत्र के ग्रामीण का जीना मुस्किल हो गया पिछली घटना में सरकार एवम वन विभाग के द्वारा पक्का मकान का वादा किया गया था। एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा की पीड़ित परिवार के दुःख को देख और इस भ्रष्ट सरकार के पदाधिकारी सिर्फ लूट खसोट के लिए अपने पद पर बने हुए है। किसी को गरीब के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास नहीं है। अगर सरकार एवम वन विभाग का यही हाल रहा तो जल्द ही वन विभाग के खिलाफ हजारों के संख्या में उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार सेरेगाड़ा पूर्व मुखिया सुरेंद्र ओरांव मोहन पांडे उदय गांझु आनंदी गांझु संतोष गांझु केलु गांझु तेतर गांझु प्रेम गांझू चिंता देवी सुगिया देवी पूनम देवी वीना देवी शीतल गांझू समेत दर्जनों पीड़ित ग्रामीण मौजूद रहे।

### झारखंड के लीड स्कूलों मे द रामेश्वर वैली स्कूल बना नंबर-1




**कोडरमा:** शिक्षा जगत के क्षेत्र मे लीड भारत की एक यूनिकॉर्न, एडुटेक कंपनी है। लीड विद्यालयों को ऑनलाइन व स्मार्ट तरीके से शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था उपलब्ध करवाती है। जो कोडरमा जिले मे विद्यालय द रामेश्वर वैली स्कूल मे उपलब्ध है। झारखण्ड मे 50 स्कूल लीड के साथ काम कर रहे है। तमाम स्कूलों मे लीड ने कोडरमा के द रामेश्वर वैली स्कूल को सर्वश्रेष्ठ स्कूल की उपाधि से नवाजा है। इस दौरान स्कूल के निर्देशक प्रवीण कुमार ने इस उपलब्धि पर प्राचार्या राश्मि प्रवीण वर्णवाल के अलावा शिक्षकों, बच्चों, अभिभावकों के साथ सभी कर्मचारियों के प्रति नंबर 1 की उपाधि दिलवाने हेतू आभार प्रकट किया व सबको धन्यवाद दिया। कहा कि कोई भी संस्था तभी इस तरह के मुकाम को हासिल करती है जब सभी कर्मचारी निष्ठापूर्वक अपना अपना योगदान देते है। स्कूल की प्राचार्या राश्मि प्रवीण वर्णवाल ने सभी बच्चो को स्कूल एप डाउनलोड करने को कहा। उन्होंने एकता तिवारी को सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका की उपाधि मिलने पर सम्मानित किया। साथ ही सभी शिक्षकों के साथ मंच पर सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का मोमेंटो साझा किया। शिक्षकों मे अनिल, सागर, सूर्या, आकाश, पूनम, सृष्टि, मनाली, श्रुति, दिव्या, प्रीति, साची, शीतल, सीमा, अनु, सुदय विद्यालय में कार्यरत है।

## नेमिनाथ का जन्म तप कल्याणक बड़े ही धूमधाम से मनाया

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** भगवान नेमिनाथ को मोक्ष निर्वाण प्राप्त गुजरात के गिरनार पर्वत पर मिला था इसलिए इन्हें गिरनार वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है श्रद्धालु भक्तजन इस पर्वत पर 9999 सीढ़ी चढ़कर भगवान के चरण का दर्शन करते है। आज प्रातः जैन मंदिर मे जैन संत परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के सानिध्य में जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर गिरनार वाले बाबा का जन्म कल्याण के पावन अवसर पर 1008 नेमिनाथ भगवान की भव्य प्रतिमा पर स्वर्णमई कलश से प्रथम अभिषेक एवं शांति धारा सोहन लाल-शाकुन्तल देवी सोगानी रांची वाले को प्राप्त हुआ ओर आज का सौधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य विशाल पाटनी,तामसा महाराष्ट्र को प्राप्त हुआ।उसके पीत 108 जोड़ों के द्वारा नेमीनाथ भगवान का जन्म महोत्सव की झलकियां के साथ विधान की पूरे पूजा की अर्घ नाचते गाते भक्ति की सागर में डूब कर श्रद्धालु भक्तों ने श्री 1008 नेमिनाथ भगवान के चरणों मे जन्म ओर तप कल्याणक का अर्घ समर्पित किया। आज से कई हजार वर्ष पूर्व है जैन धर्म के अनुसार कृष्ण भगवान के चचेरे भाई नेमिनाथ भगवान का जन्म शोरीपुर बटेश्वर उत्तर प्रदेश में हुआ तब से भगवान का कल्याणक महोत्सव पूरे विश्व मे धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर जैन संत में अपने उदबोधन में कहा कि भगवान का जो जन्म कल्याण मनाते हैं वह बड़े भाग्यशाली होते हैं उनके जीवन मे हमेशा खुशियां और समृद्धि का वास होता है मनुष्य अपना जन्मदिवस तो हमेशा मनाता है परंतु भगवान का जन्म दिवस सौभाग्यशाली व्यक्ति ही मना पाता है। भगवान के जन्म दिवस पर उनके गुणों और त्याग तपस्या महानता की महिमा का गुणगान होता है। उनके पद चिन्हों और उनके बताए रास्तों पर चल कर ही मनुष्य का जीवन धर्ममय और सार्थक बन सकता है। सारे आयोजन में जैन समाज के मीडिया प्रभारी राजकुमार अजमेरा और नवीन जैन ने संयुक्त रुप से अहम भूमिका निभाई और अपना योगदान दिया।

# आमजनों की पीड़ा से अवगत हुए उपायुक्त



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** आमजनों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित कर कहा कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज उपस्थित रहे।

### कांवरियों का जत्था बाबा धाम रवाना



**मरकच्चो:** श्रावण मास में बाबा धाम में बाबा भोले का जलाभिषेक करने के लिए कांवरियों का जत्था हर साल की भांति इस वर्ष भी नवलशाही एवं बच्छेडीह पंचायत से सैकड़ो की संख्या में निकल रही है। मंगलवार को नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्राम नवलशाही, बच्छेडीह, विंडोमोह, पुरनानगर से कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। कांवरियों ने नवलशाही बाजार रोड स्थित माँ दुर्गा मंडप एवं क्षेत्र का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ चंचालिनी धाम में पूजा अर्चना की। वही शिव भक्तों ने बताया कि सुल्तानगंज से जल उठा कर पैदल बाबा नगरी देवघर पहुंचने के बाद अपने परिवार, समाज, जिला, देश की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना करेंगें। इस मौके पर कांवरिया में पत्रकार अरविन्द कुमार सिन्हा, निर्मल सिंह, कुलदीप दास, डालो साव, बीरेंद्र साव, रामु साव, चरखु साव, उमेश साव, सुधीर यादव, सचीन राणा, संतोष राणा, नीरज साव समेत दर्जनों लोग बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए।

**अपराध** लोहरदगा में भाजपा का संकल्प यात्रा सितंबर मे

# राज्य में अपराधी बेलगाम :मनीर उरांव

राष्ट्रीय खबर



**कुड़ू:** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला की बैठक 22 अगस्त 2023 दिन मंगलवार को आगामी 19 सितंबर 2023 को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बीजेपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आगमन संकल्प यात्रा के निमित्त 18 सितंबर को होगी और 19 तारीख को समहरणालय मैदान में आयोजित जनसभा कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, भाजपा के पूर्व महामंत्री सह पांचवें चरण का कार्यक्रम संयोजक विनय लाल, भाजपा जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा, ओमप्रकाश सिंह ,श्रीचंद्र प्रजापति,ब्रजबिहारी प्रसाद उपस्थित थे।बैठक की शुरूआत महापुरुषों चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम गीत के साथ की गई। विनय लाल ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार लोहरदगा जिला में आगमन हो रहा है उनके आगमन 18 सितंबर को होगा रात्रि प्रवास के बाद 19 सितंबर को 10:30 बजे दिन में समाहरणालय मैदान लोहरदगा में आम सभा को संबोधित करेंगे।

## न्यूज फटाफट

### डूरंड कप : पहले क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे नॉर्थईस्ट यूनाइटेड, भारतीय सेना



**कोलकाता:** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और भारतीय सेना एफटी गुरुवार को गुवाहाटी के इंदिरा गांधी स्टेडियम पर 132वें डूरंड कप के क्वार्टरफाइनल चरण की शुरुआत करेंगे। आयोजकों ने मंगलवार को आयोजित ड्रॉ के बाद इसकी घोषणा की। कोकराझार में भारतीय सेना फुटबॉल टीम और राजस्थान यूनाइटेड एफसी के बीच ग्रुप-एफ मुकाबला समाप्त होने के बाद क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली आठ टीमों के नाम स्पष्ट हो गये। इसके बाद आयोजकों ने क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली सभी टीमों की उपस्थिति में वीडियो कॉल पर ड्रा आयोजित किया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड-भारतीय सेना फुटबॉल टीम के मुकाबले के बाद यहां विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में शुक्रवार को ईस्ट बंगाल एफसी और गोकुलम केरल एफसी दूसरे क्वार्टरफाइनल में आमने-सामने होंगी। एफसी गोवा का मुकाबला शनिवार को चेन्नईयिन एफसी से होगा जबकि मोहन बागान सुपर जायंट रविवार को मुंबई सिटी एफसी से भिड़ेंगे। खराब मौसम के कारण खेल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस बैठक के दौरान पहले क्वार्टरफाइनल को कोकराझार से गुवाहाटी स्थानांतरित करने का निर्णय भी लिया गया। डूरंड कप तीन अगस्त को शुरू हुआ और इसका फाइनल तीन सितंबर को खेला जायेगा। इस वर्ष टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें नेपाल और बंगलादेश की दो विदेशी टीमें और भारत के शीर्ष फुटबॉल डिवीजन, इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की सभी 12 टीमें शामिल थीं।

क्रिकेट

आयरलैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का एलान

# तीसरे टी20 में दिख सकते हैं नये भारतीय चेहरे



**एजेंसियां**

**डबलिन :** टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त लेने के बाद भारतीय टीम बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी20 में नये खिलाड़ियों को आज़मा सकती है। दूसरे टी20 में पहली बार भारत के लिये बल्लेबाजी करने का मौका मिलने पर रिंकू सिंह ने 21 गेंद पर 38 रन की प्रभावशाली पारी खेली, जिसके लिये उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया गया। चीन के हांग्झोउ में 23 अक्टूबर से होने वाले एशियाई खेलों के लिये रिंकू तैयार हैं, हालांकि कप्तान जसप्रीत बुमराह हांग्झोउ जाने वाले अन्य खिलाड़ियों को भी मैदान पर उतरने का मौका देना चाहेंगे। आवेश खान, जितेश शर्मा और शाहबाज़ अहमद ऐसे खिलाड़ी हैं जो एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, लेकिन उन्हें इस सीरीज के दो मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला है। आवेश भारत और वेस्ट इंडीज के बीच खेली गयी पांच मैचों की टी20 शृंखला के लिये भी चुने गये थे लेकिन उन्हें एकादश में शामिल नहीं किया गया था। डेथ ओवरों में खराब प्रदर्शन के कारण अर्शदीप सिंह तीसरे टी20 से बाहर रह सकते हैं और आवेश को उनकी जगह मौका दिया जा सकता है।

शाहबाज़ इस मैच में बतौर स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जगह ले सकते हैं। जितेश को एकादश में लाने के लिये टीम प्रबंधन को संजू सैमसन को बाहर बैठाना पड़ सकता है। संजू ने हालांकि दूसरे टी20 में 26 गेंद पर 40 रन की पारी खेली थी और एशिया कप स्क्वाड में अतिरिक्त खिलाड़ी होने के नाते वह तीसरे मैच में भी अपनी लय बरकरार रखना चाहेंगे। जितेश को जगह देने के लिये तिलक वर्मा को भी आराम दिया जा सकता है, जो एशिया कप की 17-सदस्यीय स्क्वाड में नामित किये गये हैं। रुतुराज गायकवाड़ अर्द्धशतक जड़कर अपने रंग में आ चुके हैं और एशियाई खेलों में भारत की कप्तानी करने से पहले सकारात्मक रूप से सीरीज का अंत करना चाहेंगे। भारत की अगली टी20 सीरीज एकदिवसीय विश्व कप के बाद होगी इसलिये यशस्वी जायसवाल और रिंकू जैसे युवा खिलाड़ी आयरलैंड दौरे के आखिरी मैच का भरपूर फायदा उठाना चाहेंगे। बुमराह शुरुआती दो मैचों में अपने रंग में लौटने का अंदेशा दे चुके हैं, हालांकि तीसरे मैच में उतरते हुए उन्हें अपने कार्यभार प्रबंधन पर विचार करना होगा। भारतीय टीम : रुतुराज गायकवाड़, यशस्वी जयसवाल, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, आवेश खान, जितेश शर्मा, शाहबाज अहमद। आयरलैंड टीम : पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), एंड्र्यू बालबर्नी, लोर्कान टकर, हैरी टेक्टर, कर्टिस कैंफर, जॉर्ज डॉकरेल, मार्क एडेयर, बैरी मैकार्थी, क्रेग यंग, जोशुआ लिटिल, बेंजामिन व्हाइट, गैरेथ डेलानी, फिओन हैंड, थियो वैन वोएर्कोम, रॉस एडेयर।

## खेल जगत अपडेट्स

### यूटीटी की नयी फ्रेंचाइजी बनी जयपुर पैट्रियट्स

**मुंबई :** अल्टीमेट टेबल



टेनिस (यूटीटी) ने वर्ल्ड ऑफ क्रिडा प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली जयपुर पैट्रियट्स का सातवीं फ्रेंचाइजी के रूप में लीग में स्वागत किया है। यूटीटी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रवर्तित फ्रेंचाइजी-आधारित लीग का चौथा सीजन जुलाई में आयोजित हुआ। बजाज ने नयी फ्रेंचाइजी की घोषणा करते हुए कहा, ''हम जयपुर पैट्रियट्स को यूटीटी में शामिल करने की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। सातवीं टीम के शामिल होने से प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में यूटीटी ने जिस तरह से आकार लिया है, हम आने वाले समय में बड़े और बेहतर सीजन की उम्मीद करते हैं।'' जयपुर पैट्रियट्स सीजन पांच में गोवा चैलेंजर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, यू मुंबा टीटी, बेंगलुरु स्मैशर्स और पुनेरी पलटन टेबल टेनिस सहित छह टीमों के साथ खिताब के लिये अपनी दावेदारी पेश करेगी।

### दिल्ली ने ठोका फीफा विश्व कप 2026 के क्वालीफायर की मेजबानी का दावा

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी की फुटबॉल संरक्षक संस्था फुटबॉल दिल्ली (एफडी) ने भारत और कतर के बीच होने वाले फीफा विश्व कप 2026/एएफसी एशियाई कप 2027 के संयुक्त क्वालीफायर मैच की मेजबानी के लिये अपना दावा पेश किया है। एफडी ने मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने इस मामले में आधिकारिक रूप से अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सामने अपनी बोली पेश कर दी है। यह मुकाबला 21 नवंबर को खेला जाएगा। फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने अपनी दावेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''हमें फीफा विश्व कप 2026/एएफसी एशियाई कप 2027 के संयुक्त कवालीफायर मैच की मेजबानी के लिये अपनी दावेदारी पेश करते हुए गर्व है।

# एशिया कप में सूर्यकुमार का चयन सही : गंभीर



**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कॉमेंटेटर गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव को 'प्रभावशाली खिलाड़ी' बताते हुए एशिया कप टीम में उनके चयन को सही ठहराया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 30 अगस्त से होने वाले एशियाई कप के लिए 17 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा सोमवार को की। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने संवाददाताओं से कहा कि पांच अक्टूबर से होने वाले विश्व कप के लिए भी टीम लगभग ऐसी ही रहेगी। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ''अगर आप विश्व कप जीतना चाहते हैं तो खिलाड़ियों का फॉर्म और प्रभाव ही आपको जीतने में मदद करेगा। चयनकर्ताओं ने एक अच्छा काम यह किया है कि सूर्यकुमार यादव को टीम में चुना है। वह भले ही निरंतरता के साथ रन नहीं बनाते लेकिन वह महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

टीम प्रबंधन को उनका इस्तेमाल करने का सबसे कारगर तरीका ढूंढना चाहिए।'' गंभीर ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि जो खिलाड़ी एशिया कप और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, उन्हें ही विश्व कप में मौका दिया जाना चाहिए। गंभीर ने कहा, ''जब आप विश्व कप जीतने की कोशिश कर रहे हों तो किसी जगह खेलने के लिए कोई दावेदार नहीं होता। फॉर्म और प्रभाव मायने रखता है। जो खिलाड़ी फॉर्म में हैं उन्हें चुनने की जरूरत है, न कि उन खिलाड़ियों को जो फॉर्म में नहीं हैं। अगर तिलक वर्मा किसी से बेहतर फॉर्म में हैं, अगर सूर्यकुमार यादव श्रेयस अय्यर या केएल राहुल या ईशान किशन से बेहतर फॉर्म में हैं, तो आपको उस खिलाड़ी को चुनने की जरूरत है। विश्व कप चार साल में एक बार आता है, आप वहां यह नहीं देखते कि दौड़ में कौन आगे है या नहीं। जो एशिया कप और ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद बेहतरीन फॉर्म में हैं, उन्हें मौका मिलना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''मैं सिर्फ फॉर्म देखूंगा, नाम नहीं। अगर आप विश्व कप जीतना चाहते हैं तो खिलाड़ियों का फॉर्म और प्रभाव ही आपको जीतने में मदद करेगा।

# टीम चयन के बाद कप्तान रोहित शर्मा से दिनेश कार्तिक ने पूछे कई तीखे सवाल!



**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** एशिया कप के लिए टीम इंडिया के खिलाड़ियों के नामों का एलान हो चुका है, लेकिन दिनेश कार्तिक का मानना है कि टीम में खामियां हैं, जिस पर काम करना रोहित शर्मा के लिए आसान नहीं होगा। सोमवार को एशिया कप के लिए टीम इंडिया के खिलाड़ियों के नामों का एलान कर दिया गया। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली बीसीसीआई सिलेक्शन कमिटी ने 17 सदस्यीय भारतीय टीम का एलान किया। रोहित शर्मा टीम के कप्तान होंगे, जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या उप-कप्तान की भूमिका में होंगे। इस टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की वापसी हुई। वहीं, एशिय कप टीम में तिलक वर्मा, ईशान किशन और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी होंगे।

बहरहाल, भारतीय खिलाड़ी दिनेश कार्तिक ने टीम सिलेक्शन के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी। भारतीय टीम के सामने क्या चुनौती है? दिनेश कार्तिक ने कहा कि खासकर 2 एरिया पर काम करना आसान नहीं होगा। एशिया कप के दौरान रोहित शर्मा को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। दिनेश कार्तिक ने कहा कि एशिया कप में भारतीय टीम का चौथा मीडियम पेसर कौन होगा? हमारे पास जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के तौर पर 3 तेज गेंदबाज हैं, लेकिन चौथा गेंदबाज कौन होगा? भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि शार्दुल ठाकुर, प्रसिद्ध कृष्णा या मुकेश कुमार... चौथे तेज गेंदबाज का चयन रोहित शर्मा के लिए आसान नहीं होने वाला है।

**'सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ठीक हैं, लेकिन.....'**

इसके अलावा दिनेश कार्तिक ने भारतीय बल्लेबाजी पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि क्या हमारी टीम को वास्तव में लैफ्ट हैंडर की जरूरत है? सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा के तौर पर हमारी टीम में ऐसे बल्लेबाज हैं, जो हर तरह की स्वीप शॉट खेल सकते हैं। जब सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा क्रीज पर होंगे तो किसी भी स्पिनर के लिए सही लेंग्थ पर गेंदबाजी करना आसान नहीं होगा। लेकिन इन दोनों के अलावा हमारे पास बैकअप बैट्समैन कौन हैं? ये सवाल बहुत बड़ा है... मुझे लगता है कि भारतीय टीम में 2 क्षेत्र ऐसे हैं, जहां काम करने की जरूरत है। रोहित शर्मा की अगुवाई भारतीय टीम को एशिया कप के दौरान इन 2 सवालों के जवाब तलाशने होंगे।

# फिल्म क्रैक में काम करेंगी नोरा फतेही!



**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही स्पोर्ट्स-एक्शन फिल्म क्रैक में काम करती नजर आ सकती हैं। नोरा फतेही ने हाल ही में आयुष्मान खुराना की फिल्म एक्शन हीरो में कैमियो भूमिका निभाई और उनके पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। नोरा ,विद्युत जामवाल के साथ फिल्म क्रैक मे काम करती नजर आ सकती है नोरा फतेही 100% नाम की एक कॉमेडी फिल्म में दिखाई देने वाली हैं, जहां वह शहनाज गिल और रितेश देशमुख के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। इसके अलावा उन्होंने कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें वह प्रतीक गांधी और दिव्येंदु शर्मा के साथ हैं। वह रेमो डिसूजा के डांस ड्रामा डांसिंग डैड का भी हिस्सा हैं, जिसमें अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में हैं। इन प्रोजेक्ट्स के अलावा नोरा मटका नामक बहुभाषी फिल्म में भी शामिल हैं।

# फिल्म फसल का गाना 'गोदनवा' रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की आने वाली फिल्म फसल का गाना गोदनवा रिलीज हो गया है। फिल्म फसल से एक पेपी सांग गोदनवा रिलीज किया गया है, जिसे आम्रपाली दुबे पर फिल्माया गया। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने को सिंगर शिल्पी राज ने गाया है। वही इसके लेखक विजय चौहान हैं, इसका संगीत आर्या शर्मा ने दिया है।

# भोजपुरी फिल्म 'एक परिंदा'का फर्स्ट लुक रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई :** म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स ने अपनी आने वाली भोजपुरी फिल्म एक परिंदा का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया है। एक परिंदा के फर्स्ट लुक में अभिनेता अवधेश मिश्रा, अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और रागिनी मिश्रा बहुत ही गंभीर मुद्रा में नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्माण निर्माता रत्नाकर कुमार कर रहे हैं, वही इसके निर्देशन की कमान खुद अवधेश मिश्रा ने संभाल रखी है। वर्ल्डवाइड चैनल एंड जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत एक परिंदा के निर्माता रत्नाकर कुमार, सह निर्माता निवेदिता कुमार है। वही फिल्म लेखन एवं निर्देशन अवदेश मिश्रा ने किया है।

# आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का गाना 'जमनापार' रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का गाना जमनापार रिलीज हो गया है। आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 को लेकर चर्चा में है। ड्रीम गर्ल 2 में अनन्या पांडे की भी अहम भूमिका है।ड्रीमगर्ल 2 का नया गाना जमनापार रिलीज हो गया है,आयुष्मान अपने पूजा अवतार में नजर आ रहे हैं। वह लहंगा पहने अपनी अदाएं दिखाते नजर आ रहे हैं। इस गाने में विजय राज और मनजोत सिंह भी नजर आ रहे हैं। जमनापार गाने में मीत ब्रदर्स का संगीत हैं, जिसे मीत ब्रदर्स के साथ नेहा कक्कड़ और मन्नुनी देसाई, समायरा चंडोके ने अपनी आवाज दी हैं। इस गाने के लिरिक्स कुमार द्वारा लिख गए हैं और अंग्रेजी का हिस्सा जोनिता गांधी का हैं। ड्रीम गर्ल 2 एकता आर कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित और राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित हैं। यह फिल्म 25 अगस्त 2023 को रिलीज होने जा रही है।

## प्रदेश >> अपडेट

### गोंडा में किसान को सांड ने पटका, मौत

**गोंडा:** उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में फसल की रखवाली कर रहे एक किसान को छुट्टा सांड ने पटक दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मोहनपुर असधा पंचायत के कुहारनपुरवा मजरा निवासी किसान सालिक राम यादव (58) मचान पर बैठकर बीती रात धान के फसल की रखवाली कर रहा था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### 287.70 करोड़ रुपए की लागत से चार रेलवे ओवर ब्रिज का होगा निर्माण

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में बीकानेर, नागौर, सीकर एवं चुरू में रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस पर 287.70 करोड़ रुपए व्यय होंगे। गहलोत की स्वीकृति से एक लाख टी.वी.यू. से अधिक की लेवल क्रॉसिंग्स पर आरओबी का निर्माण किया जाएगा। बीकानेर में लेवल क्रॉसिंग संख्या 27 ए नागौर में लेवल क्रॉसिंग संख्या 72, सीकर में लेवल क्रॉसिंग संख्या 189 एवं चूरू में लेवल क्रॉसिंग संख्या 167-अ पर रेलवे ओवरब्रिज बनाए जाएंगे।

### शिवराज आज मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत सौंपेंगे ऑफर लैटर

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज ह्यमुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजनाह्ल के तहत ऑन जॉब ट्रेनिंग की शुरुआत करते हुए पात्र युवाओं को ऑफर लैटर सौंपेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान शाम को राजधानी भोपाल में आयोजित समारोह में ये ऑफर लैटर सौंपेंगे। योजना के तहत 14 हजार 450 से ज्यादा युवाओं को इसका लाभ मिलने वाला है। इस योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण के साथ ही रोजगार भी दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### लेह की सड़कों पर भी है 'भारत जोड़ो' का असर : राहुल

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कन्या कुमारी से कश्मीर तक की अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' को याद करते हुए कहा है कि लोगों पर इसका जबरदस्त असर हुआ है और यही कहानी लेह की सड़कों पर भी गूंज रही है। श्री गांधी इन दिनों लेह लद्दाख की यात्रा पर हैं और वहां लोगों से संपर्क कर 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस को जिताने की मतदाताओं से अपील भी कर रहे हैं। वर्तमान में लेह की लोकसभा सीट पर भाजपा का कब्जा है। उन्होंने कहा कि लेह के लोगों पर भी 'भारत जोड़ो यात्रा' का जबरदस्त असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा 'भारत जोड़ो' हर भारतीय के दिल और दिमाग में गहराई से बसा हुआ है। लेह की सड़कों पर गूंजता 'भारत माता की जय' का घोष इस एकता का एक मजबूत उदाहरण है। स्नेह और सौहार्द से भरी इस आवाज को कोई ताकत दबा नहीं सकती।

### औरैया में खड़े ट्राला से भिड़ा पुलिस वाहन, सिपाही घायल

**औरैया:** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह नेशनल हाईवे पर पुलिस वाहन और ट्राला में टक्कर हो गयी जिसमें एक पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अनंतराम चौकी पुलिस नेशनल हाईवे पर गश्त कर रही थी कि तड़के अनन्तराम टोल प्लाजा के पास पुलिस की जीप सड़क के किनारे खड़े एक ट्राला में जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थीं कि पुलिस जीप के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये। जिससे गाड़ी में बैठे अनन्तराम चौकी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल दिनेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना मिलते ही हाईवे की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल ले गयी।

---

विवाद: बलात्कार पीड़िता के मामले में गुजरात हाई कोर्ट पर नाराजगी

# वरीय अदालत का फैसला ही संवैधानिक है

- एक बलात्कार पीड़िता की याचिका से संबंधित है
- जिसमें उसने अपनी गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति मांगी है




**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** गुजरात उच्च न्यायालय पर कड़ा प्रहार करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि किसी भी अदालत द्वारा वरिष्ठ अदालत के फैसले के खिलाफ आदेश पारित करना संवैधानिक दर्शन के खिलाफ है। यह मामला एक बलात्कार पीड़िता की याचिका से संबंधित है, जिसमें उसने अपनी गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति मांगी है। सुप्रीम कोर्ट की यह कड़ी टिप्पणी शनिवार को हाई कोर्ट द्वारा आदेश पारित करने के बाद आई, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने मामले को आज के लिए सूचीबद्ध किया था। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसका गर्भपात कराने की इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने एक आदेश की जानकारी मिलने के बाद कहा, गुजरात उच्च न्यायालय में क्या हो रहा है? भारत में कोई भी अदालत उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आदेश पारित नहीं कर सकती है। यह संवैधानिक दर्शन के खिलाफ है। गुजरात सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि शनिवार का आदेश केवल लिपिकीय त्रुटि को ठीक करने के लिए पारित किया गया था। उन्होंने कहा, पिछले आदेश में एक लिपिकीय त्रुटि थी और उसे शनिवार को ठीक कर दिया गया था। यह एक गलतफहमी थी। उन्होंने कहा, राज्य सरकार के रूप में हम न्यायाधीश से आदेश को वापस लेने का अनुरोध करेंगे।

यह तब हुआ है जब सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को बलात्कार पीड़िता की याचिका पर निर्णय लेने में उच्च न्यायालय द्वारा की गई देरी को हरी झंडी दिखाई और कहा कि मूल्यवान समय बर्बाद हो गया है। इसके बाद जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस भुइयां की पीठ ने कहा कि वे इस मामले पर आज सुनवाई करेंगे। उच्च न्यायालय के असंवेदनशील रवैये की आलोचना करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को गुजरात सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया और महिला की याचिका पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी।

25 वर्षीय लड़की के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने 7 अगस्त को अदालत का दरवाजा खटखटाया और अगले दिन मामले की सुनवाई हुई। उच्च न्यायालय ने 8 अगस्त को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता की गर्भावस्था और उसकी स्वास्थ्य स्थिति की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाए। एक मेडिकल कॉलेज ने बलात्कार पीड़िता की जांच की और 10 अगस्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि रिपोर्ट में फैसला सुनाया गया था कि गर्भावस्था को समाप्त किया जा सकता है।

---

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका में मंगलवार से



**एजेंसियां**

**केप टाउन:** ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का आर्थिक गठबंधन (ब्रिक्स) मंगलवार से गुरुवार तक जोहान्सबर्ग में नेताओं का अपना 15वां वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यक्तिगत रूप से इस कार्यक्रम में भाग लेंगे, जबकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वीडियो लिंक के माध्यम से भाग लेंगे।

जोहान्सबर्ग में रूस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। ब्रिक्स के 2023 के अध्यक्ष दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और अफ्रीकी संघ प्रमुख मौसा फाकी महामत सहित कई अन्य देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों को आमंत्रित किया।

दक्षिण अफ्रीकी शेरपा अनिल सूकलाल के अनुसार शिखर सम्मेलन का मुख्य फोकस ब्रिक्स के संभावित विस्तार पर होने की उम्मीद है, क्योंकि 19 देशों ने सदस्यता प्राप्त करने में अपनी रुचि व्यक्त की है। एजेंडे में अन्य चर्चा विषयों में आर्थिक संबंध, व्यापार बुनियादी ढांचे और अमेरिकी डॉलर पर सदस्य देशों की निर्भरता को कम करने के लिए एक आम मुद्रा में संभावित स्विच शामिल हैं।

## कंबोडिया की नेशनल असेंबली ने मैनेट की नए प्रधानमंत्री के रूप में पुष्टि की



**एजेंसियां**

**नोम पेन्ह:** कंबोडिया की नेशनल असेंबली ने मंगलवार को 23 जुलाई के आम चुनाव में सत्तारूढ़ कंबोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) की भारी जीत के बाद हुन मानेट को पांच साल के कार्यकाल के लिए नए प्रधानमंत्री के रूप में पुष्टि की। यह जानकारी राज्य संचालित टीवीके ने दी। मानेट को उपस्थित लगभग 123 सांसदों ने सर्वसम्मति से नए प्रधानमंत्री के रूप में वोट दिया। नेशनल असेंबली ने 2023-2028 के कार्यकाल के लिए मैनेट के नए कैबिनेट सदस्यों को भी मंजूरी दे दी। 45 वर्षीय मानेट ने अपने 71 वर्षीय पिता सैमडेक टेको हुन सेन का स्थान लिया। उन्होंने 38 वर्षों से अधिक समय तक इस पद पर रहने के बाद इसे छोड़ दिया। एक आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, मानेट और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों को देश के राजा नोरोडोम सिहामोनी के तत्वावधान में रॉयल पैलेस में मंगलवार दोपहर को शपथ दिलाई जाएगी। मानेट ने वोट के बाद संसद को संबोधित करते हुए कहा कि यह कंबोडिया के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, उन्होंने उन्हें और उनके कैबिनेट सदस्यों को विश्वास मत देने के लिए सभी सांसदों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, नई सरकार सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी लाने और गहरे और व्यापक सुधारों के कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, सरकार शासन सुधार को प्राथमिकता देगी ताकि राज्य संस्थानों को मजबूत किया जा सके, स्वच्छ प्रशासन का निर्माण किया जा सके, कानून का शासन और सामाजिक न्याय बढ़ाया जा सके और सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार तकनीकी विकास, हरित अर्थव्यवस्था, भौतिक बुनियादी ढांचे, सामाजिक सुरक्षा और मानव संसाधन, विशेषकर शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश को प्राथमिकता देगी।

---

## जाति आधारित जनगणना कराएगी कांग्रेस मप्र में: खड़गे



**एजेंसियां**

**सागर:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर राज्य में जाति आधारित जनगणना करायी जाएगी। खड़गे ने यहां आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस की ओर से आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और अन्य नेता भी मौजूद थे। खड़गे ने कहा कि जाति आधारित जनगणना होने से विभिन्न जातियों के विकास के संबंध में वस्तुस्थिति का पता चल सकेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि कांग्रेस की सरकार बनने पर संत रविदास के नाम पर विश्वविद्यालय खोला जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि वे लोग वास्तव में अनुसूचित जाति के लोगों का विकास नहीं चाहते हैं। उनका काम ह्यह्लमुंह में राम, बगल में छुरी की तरह है। खड़गे ने हाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मध्यप्रदेश यात्रा के दौरान कांग्रेस से 53 सालों का हिसाब मांगने संबंधी घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने ही देश में आजादी दिलाई। देश को संविधान दिया। अविभाजित मध्यप्रदेश में भिलाई स्टील प्लांट बना। इंदिरा सागर बांध बना। विश्वविद्यालय खुले। उच्च शिक्षण संस्थान भी खुले। इसके अलावा ऐसे काम हुए, जिसकी लंबी फेहरिस्त है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ये लोग (भाजपा) भी देश और प्रदेशों में कई वर्षों से शासन कर रहे हैं। लेकिन इन्होंने कुछ नहीं किया और अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए कांग्रेस से हिसाब मांग रहे हैं।

### आरोप है कि सुरक्षा बल ही बेच रहे हैं इन्हें

## सूडान के ब्लैक मार्केट में बिक रहा एके 47

**राष्ट्रीय खबर**



**खार्तूनः** सूडान की राजधानी में गृह युद्ध की स्थिति कायम होने क बीच एके 47 राइफलों की बाढ़ सी आ गयी है। काला बाजार में बिक रहे इन हथियारों की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में 50 प्रतिशत तक की कमी आयी है। अभी इनकी कीमत केवल 830 डॉलर के आसपास है। एक लंबे समय से हथियार विक्रेता ने कीमत में तेज गिरावट के लिए इस तथ्य को जिम्मेदार ठहराया कि अप्रैल में सूडान के गृहयुद्ध में फंसने के बाद काला बाजार रूसी-आविष्कृत कलाश्निकोव से भर गया है। सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच खार्तूम और दो अन्य शहरों - बहरी और ओमडुरमन - जो कि बड़ी राजधानी बनाते हैं, की सड़कों पर रोजाना लड़ाई होती है। नाम न छापने की शर्त पर बोलते हुए, एक व्यक्ति ने कहा कि हालांकि उसके कुछ आपूर्तिकर्ता सेवानिवृत्त सेना अधिकारी हैं, लेकिन अधिकांश आरएसएफ के रैंक से हैं। मांग की तुलना में आपूर्ति अधिक हो गई है, विशेषकर जिसे स्थानीय लोग बहरी की लड़ाई कहते हैं, जो जुलाई के मध्य में लड़ी गई थी, लगभग तीन महीने तक चले इस संघर्ष ने सूडान को तबाह कर दिया है। शहर की सड़कों पर सैनिकों की लाशें बिखरी पड़ी हैं, सरकारी बलों को अर्धसैनिक बलों के हाथों भारी नुकसान उठाना पड़ा है, जिनका शहर के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण है।

---

हत्या: युद्धग्रस्त यमन के रास्ते सऊदी अरब में घुसने की कर रहे थे कोशिश

# सऊदी सीमा रक्षकों ने सैकड़ों प्रवासियों की हत्या

- मृतकों में से कई इथियोपियाई थे
- प्रवासियों ने बताया कि गोलियों से कई लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए

**राष्ट्रीय खबर**



**वाशिंगटनः** सऊदी सीमा रक्षकों पर यमनी सीमा पर सैकड़ों प्रवासियों को गोली मारने का आरोप लगाया गया है। ह्यूमन राइट्स वॉच की एक नई रिपोर्ट में ऐसी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, युद्धग्रस्त यमन के रास्ते सऊदी अरब में घुसने की कोशिश कर रहे सैकड़ों लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतकों में से कई इथियोपियाई थे। प्रवासियों ने बताया कि गोलियों से कई लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए। उन्होंने वहां शव पड़े देखे। उन्होंने एचआरडब्ल्यू को बताया कि सऊदी पुलिस और सैनिकों ने सऊदी अरब के साथ यमन की उत्तरी सीमा पर प्रवासियों पर गोलीबारी की। विस्फोटक हथियारों से भी मारा।

सऊदी सरकार का कहना है कि वह आरोपों को गंभीरता से ले रही है। लेकिन हत्याएं योजनाबद्ध थीं या बड़े पैमाने पर थीं - इस विचार को संयुक्त राष्ट्र दृढ़ता से खारिज करता है। इससे पहले सऊदी अरब ने सुनियोजित हत्याओं के आरोपों को खारिज कर दिया था।

21 साल के युवक मुस्तफा सौफिया मोहम्मद ने कहा कि गोलियां चल रही थी। पिछले साल जुलाई में, सऊदी अरब में प्रवेश करने की कोशिश करते समय प्रवासियों के एक समूह को गोली मार दी गई थी। कम से कम 45 लोगों की जान चली गयी। लेकिन सूफिया किसी तरह बच गई। उन्होंने कहा, मुझे पहले तो पता ही नहीं चला कि मुझे गोली मार दी गई है। लेकिन जब मैं खड़ा होने की कोशिश करता हूं तो देखता हूं कि मेरे पैर ही नहीं हैं। घंटों बाद कैप्चर किए गए एक वीडियो में, सूफिया का बायां पैर उसके शरीर से लगभग अलग हो गया था। बाद में उनके शरीर पर कृत्रिम पैर लगाए गए। अब ये युवक इथियोपिया में है। लेकिन उनकी जिंदगी पूरी तरह से उलट गई है। उसे बैसाखी के सहारे धीरे-धीरे चलना पड़ता है।

संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, हर साल दो मिलियन से अधिक लोग हॉर्न ऑफ अफ़्रीका से, पहले समुद्र के रास्ते और फिर यमन के पार, सऊदी अरब में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि उनमें से कई को जेल में डाल दिया गया और रास्ते में पीटा गया। इसके अलावा समुद्र पार करने में भी खतरा कम नहीं है। अभी पिछले हफ्ते ही जिबूती के तट पर एक नाव पलटने से 24 से अधिक प्रवासी लापता हो गए थे। हालाँकि, संगठन ने आरोप लगाया है कि जो लोग इतनी सारी बाधाओं को पार करते हैं और अपने सपनों को पूरा करने के करीब आते हैं उन्हें सऊदी सुरक्षा बलों द्वारा गोली मार दी जाती है। एजेंसी की नवीनतम रिपोर्ट की मुख्य लेखिका नादिया हार्डमैन ने कहा, वहां हमने जो दस्तावेजीकरण किया वह अनिवार्य रूप से नरसंहार था। मैंने जीवित बचे लोगों द्वारा मुझे भेजे गए सैकड़ों ग्राफि क चित्र और वीडियो देखे हैं। उन्होंने गंभीर चोटें और विस्फोट की चोटें दिखाईं। लेकिन लेखकों का कहना है कि सीमा पार करने की दूरी और जीवित बचे लोगों को ढूंढने में कठिनाई के कारण हताहतों की सटीक संख्या निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है।

---

## न्यूज फटाफट

### इज़रायल ने दमिश्क के आसपास सैन्य स्थलों पर मिसाइल हमला किया

**दमिश्क:** इजरायल ने सोमवार रात सीरिया की राजधानी दमिश्क के आसपास सैन्य स्थलों पर मिसाइल हमला किया, जिसमें एक सैनिक घायल हो गया। सीरियाई सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि मिसाइलों को इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स की तरफ से दागा गया था। युद्ध पर नजर रखने वाले सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर 'ूमन राइट्स ने कहा कि ईरान समर्थित लेबनानी समूह हिजबुल्लाह के हथियार डिपो सहित तीन सैन्य स्थलों को निशाना बनाया गया।

### थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन स्वदेश लौटे

**बैंकॉक:** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा विदेश में वर्षों के आत्म-निर्वासन के बाद मंगलवार को स्वदेश लौट आए। थाकसिन अपने परिवार के साथ एक निजी जेट से पहुंचने के बाद मंगलवार सुबह अपने समर्थकों और मीडिया का अभिवादन करने के लिए बैंकॉक के डॉन मुएंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर थोड़ी देर के लिए सार्वजनिक रुप से उपस्थित हुए। थाकसिन 2001 से 2006 तक थाईलैंड के प्रधानमंत्री रहे थे, लेकिन 2008 से विदेश में आत्म-निर्वासन में थे। उन्हें कई आरोपों में दोषी ठहराया गया था और 10 साल तक की जेल का सामना करना पड़ा था। उप प्रधानमंत्री विसनु क्रिया-नगम ने पहले कहा था कि थाकसिन को उनके आगमन पर कानूनी प्रक्रिया के अधीन किया जाएगा और जेल भेजा जाएगा।

### दक्षिण-मध्य चिली में भयंकर तूफान से दो लोगों की मौत

**सैंटियागो:** दक्षिण-मध्य चिली में शनिवार से आए भयंकर तूफान के कारण दो लोगों की मौत हो गई। उप आंतरिक मंत्री मैनुअल मोनसाल्वे ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मृतकों में से एक स्वयंसेवी अग्निशामक था जो एक उफनती नदी से एक कुत्ते को बचाने की कोशिश करते समय मारा गया जबकि दूसरे व्यक्ति की मौत उसके वाहन के ऊपर एक पेड़ के गिर जाने से हुई। राष्ट्रीय आपदा रोकथाम और प्रतिक्रिया सेवा ने कहा, ह्यह्लफिलहाल 423 लोगों के आश्रय स्थलों में होने की सूचना है, 26,297 लोग फंसे हुए हैं और 33,895 लोगों को निकाला गया है, साथ ही दो लोगों की मौत भी हुई है।ह्लह्ल तूफान ने तीन स्थानीय स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों को ठप कर दिया है और 226 स्कूल प्रभावित हुए हैं। राजधानी सैंटियागो को इसके करीबी दक्षिणी गंतव्यों से जोड़ने वाले मार्गों पर ट्रेन सेवा निलंबित कर दी गई है।

### कनाडा में जंगल की आग से प्रभावित 27 हजार से अधिक लोगों को निकाला

**ओटावा:** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में जंगल में लगी आग से प्रभावित क्षेत्रों से 27 हजार से अधिक लोगों को निकाला गया है और 35 हजार से अधिक लोगों को निकाला जाना बाकी है। कनाडा के आपातकालीन प्रबंधन मंत्री बोविन मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बोविन ने बीसी वाइल्डफायर अपडेट के दौरान कहा, ''हमारे बचावकर्मी निरंतर कार्य में जुटे हुए हैं। जंगल की आग बढ़ती जा रही है। जिससे कई हजार लोग प्रभावित हो रहे हैं।'' बीसी के वन मंत्री ब्रूस राल्स्टन ने कहा कि वर्तमान में प्रांत के जंगलों में लगी आग से सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा है। राल्स्टन ने कहा कि करीब 3,500 कर्मचारी प्रांत के जंगलों में लगी आग को बुझाने में जुटे हुए हैं। इसके अलावा, 100 मैक्सिकन अग्निशामकों और आगामी दिनों में 200 अतिरिक्त दक्षिण अफ्रीकी लोगों के आने की उम्मीद है। ब्रिटिश कोलंबिया ने आग से प्रभावित जरूरतमंद समुदायों की सहायता करने की अधिकारियों की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रांतीय आपातकाल की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि इस साल कनाडा के जंगल में लगी आग देश के इतिहास में सबसे भीषण आग है। जिससे कई हजार लोग प्रभावित हुए हैं।

### इजरायली सैनिकों के साथ झड़प में कई फिलिस्तीनी घायल

**गाजा/रामल्ला:** इजरायल और वेस्ट बैंक के साथ गाजा सीमा पर इजरायली सैनिकों के साथ झड़प के दौरान सोमवार को कई फिलिस्तीनी घायल हो गए। फ़िलिस्तीनी चिकित्सकों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पूर्वी गाजा पट्टी और इज़राइल के बीच सीमा पर विरोध प्रदर्शन के दौरान इजरायली सैनिकों द्वारा कम से कम 12 फिलिस्तीनी घायल हो गए। फ़िलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सैकड़ों फ़िलिस्तीनी सीमा रेखा क्षेत्र में एकत्र होकर झंडे लहरा रहे थे, टायर जला रहे थे, इज़राइल विरोधी नारे लगा रहे थे और सीमा पर तैनात सैनिकों पर पत्थर फेंक रहे थे। उन्होंने बताया कि इजरायली सैनिकों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए दर्जनों आंसू गैस के गोले छोड़े और फिर सीमा बाड़ के पास आए युवाओं पर गोला बारूद से हमला किया। पूर्वी यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद को जलाने की 54वीं बरसी मनाने और इजरायली जेलों में कैद फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हमास सहित कई फिलिस्तीनी गुटों के आ''ान पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए थे। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक बयान में कहा कि उत्तरी वेस्ट बैंक शहर नब्लस के दक्षिण-पूर्व में बेता गांव में झड़प के दौरान इजरायली सैनिकों द्वारा कम से कम 50 फिलिस्तीनी घायल हो गए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से अब तक फिलिस्तीनियों द्वारा किए गए हमलों में 33 लोग मारे गए है।

### आज का इतिहास

- 1821 : मेक्सिको ने आजादी की घोषणा की।
- 1839 : ब्रिटेन ने चीन के साथ युद्ध में हांगकांग पर क़ब्ज़ा किया।
- 1914 : जापान द्वारा जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा।
- 1939 : तत्कालीन सोवियत संघ और जर्मनी के के बीच गैर-आक्रामकता संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1944 : प्रसिद्ध फ़िल्मि अभिनेत्री सायरा बानो का जन्म।
- 1947 : वल्लभभाई पटेल भारत के उप प्रधानमंत्री बने।
- 1968 : प्रसिद्ध भारतीय पार्श्वगायक के. के. का जन्म।
- 1976 : चीन में भूकंप से हजारों लोगों की मौत।
- 1979 : ईरान की सेना ने कुर्दों के खिलाफ मोर्चा खोला।
- 1990 : पूर्व और पश्चिम जर्मनी ने तीन अक्टूबर को एकजुट होने की घोषणा की।
- 1993 : सन 2000 के ऐतिहासिक ओलंपिक खेलों की मेजबानी आस्ट्रेलियाई नगर सिडनी को सौंपी गई।
- 1994 : भारत की प्रसिद्ध महिला तैराक आरती साहा का निधन।
- 1997 : सं.रा. अमेरिका के मिसीसिपी यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर को चार साल पहले मिला हल्दी का पेटेन्ट रद्द।
- 1999 : इजरायल और फ़िलिस्तीन के बीच मान्यता संबंधी मुद्दों पर वार्ता पुनः प्रारम्भ।
- 2002 : संयुक्त राज्य अमरीका ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण रोका, इटली ने पाकिस्तान में वाणिज्य दूतावास बन्द करने की धमकी दी।
- 2003 : ब्राजील में एक अंतरिक्ष यान में प्रक्षेपण से पूर्व ही विस्फोट हो जाने से कम से कम 21 लोग मारे गये।
- 2004 : अमेरिका के जस्टिन गैटलिन 100 मीटर फर्राटा दौड़ जीतकर पृथ्वी के सबसे तेज धावक बने।
- 2007 : यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर-2007 में ॠग्वेद की 30 पांडुलिपियाँ शामिल की गईं।
- 2008 : झारखण्ड के मुख्यमंत्री मधु कोडा ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
- 2012 : राजस्थान में भारी बारिश से 30 लोगों की मौत हुई।
- 2013 : लेबनान के त्रिपोली में मस्जिद पर हुये हमले में 50 लोग मारे गए।
- 2018 : भारत के प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार कुलदीप नैयर का निधन।

## दोषी को मिली 25 साल की सजा

रांचीः पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने को नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त बेड़ो के मुर्तो गांव निवासी एल्बिस तिग्गा को 25 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि नहीं देने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने अभियुक्त को 14 अगस्त को दोषी करार दिया था।

निर्देश नगर आयुक्त अगली सुनवाई में वर्चुअली रहें उपस्थित

# हाईकोर्ट ने सरकार और नगर निगम को रांची के जलस्रोतों से अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** रांची के जलस्रोतों के अतिक्रमण एवं शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी समेत अन्य जलस्रोतों के आसपास यदि कोई अतिक्रमण है तो उसे अविलंब हटाया जाए, इसके अलावा इन जलस्रोतों में सॉलिड एंड लिक्विड कचरा जाने से रोकने की भी समुचित व्यवस्था की जाए।

कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार एवं रांची नगर निगम को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है साथ ही अगली सुनवाई में नगर आयुक्त को वर्चुअल रूप से कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने की बात कही है।

मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश ने पैरवी की।सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से एलसीएन शहदेव ने कोर्ट को बताया कि नगर निगम क्षेत्र में आने वाले वाटर बॉडी के आसपास अतिक्रमण हटाने को लेकर कई पहल की गई है साथ ही इन वाटर बॉडी में किसी तरह का गंदगी ना जाए इसे लेकर पंपलेट बांटकर, विज्ञापन के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया गया है।

बड़ा तालाब में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का सिविल वर्क करीब 65 फीसदी हो चुका है और मैकेनिकल कार्य भी करीब 35 फीसदी कार्य हो चुका है।हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर निर्धारित की है।बता दें कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को 3 माह का समय राजधानी के जल स्रोतों जैसे कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के अलावा बड़ा तालाब के आसपास से अतिक्रमण हटाने को कहा था, अतिक्रमण नहीं हटने पर कोर्ट ने कड़ा आदेश पारित करने की बात भी कही थी। दरअसल, प्रार्थी खुशबू कटारुका ने रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर जनहित याचिका दाखिल की है, वही रांची के जल स्रोतों यथा कांके डैम, धुर्वा डैम एवं गेतलसूद डैम की जमीन का अतिक्रमण किए जाने मामले में भी कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया था।

कोर्ट को सौंपे गए शहर अंचल के पेपर

# लैंड स्कैम से जुड़े दस्तावेजों की होगी फॉरेन्सिक जांच

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** लैंड स्कैम को लेकर हर रोज कुछ नई खबर आ रही है। ईडी द्वारा की जा रही जांच में कई बड़े नाम सामने आए, जिनसे पूछताछ भी की गई है। इस से जुड़े दस्तावेज शहर अंचल के कर्मचारियों द्वारा रांची पीएमएलए कोर्ट में जमा कर दिए गए हैं। इन सभी जमा दस्तावेजों को फॉरेन्सिक जांच के लिए भेजे जाएगा। ईडी द्वारा कोर्ट से आग्रह के बाद अनुमति मिलने के बाद ये कदम उठाया गया है। ईडी ने कोर्ट से आग्रह करते हुए कहा था कि केस से जुड़े कुछ दस्तावेजों की फॉरेन्सिक जांच जरुरी है। जिसके बाद कोर्ट ने ईडी का आग्रह स्वीकार करते हुए शहर अंचल के अधिकारियों को दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया था। ईडी ने जो भी दस्तावेजों को कोर्ट में जमा किया है उनपर जगदीश राय और सरस्वती देवी का नाम दर्ज है। बता दें कि पिछले कुछ समय में ईडी के तरफ से लैंड स्कैम मामले में रोज खुलासे किए जा रहे हैं। इस दौरान कई लोगों के नाम सामने आए हैं। जिनसे पूछताछ भी की जा रही है। रांची के अलग-अलग इलाकों में फर्जी दस्तावेज के सहारे करोड़ों रुपए की जमीन की खरीद-बिक्री हुई है। ईडी की जांच में अब तक कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इस में बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा पाया गया है कई बड़े व्यवसाई और सरकारी अफसरों के नाम सामने आए हैं। इन सबके मिलीभगत से फजीर्वाड़ा को अंजाम दिया गया है। इस पूरे स्कैम में करोड़ों रुपयों की लेनदेन हुई है। ईडी द्वारा इस केस से जुड़े एक दर्जन से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें प्रमुख नामों में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और शहर के बड़े व्यवसाई विष्णु अग्रवाल, कोलकाता के व्यवसाय अमित अग्रवाल शामिल हैं। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान अभी और भी कई नाम सामने आ सकते हैं।

# स्मार्ट मीटर से अधिक बिल आने की जांच करने उतरी जेबीवीएनएल की टीम

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**स्मार्ट मीटर से अधिक बिल आने की शिकायतह्व की जांच करने जेबीवीएनएल की टीम रांची के विभिन्न क्षेत्रों में उतरी। जेबीवीएनएल की टीम ने अशोक नगर के तीन असंतुष्ट उपभोक्ताओं एम प्रसाद, आरके सिंह और आलम आरा खान के बाद हिंदपीढ़ी इलाके के तीन उपभोक्ताओं मो सिराजुद्दीन, मोहतरमा असना खातून और मो नाजिम के घर जाकर मीटर की जांच की। जांच के उपरांत सभी स्मार्ट मीटर सही कार्य करते हुए पाये गये। झारखंड बिजली वितरण निगम के निदेशक डिस्ट्रीब्यूशन एंड प्रोजेक्ट केके वर्मा ने रांची शहर के उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड अपने उपभोक्ताओं को आश्वस्त करता है कि नया स्मार्ट मीटर सही रीडिंग लेता है। उपभोक्ताओं की किसी असुविधा में जेबीवीएनएल सेवा के लिए तत्पर है। यदि किसी उपभोक्ता को लगता है कि उनका नया स्मार्ट मीटर सही काम नहीं कर रहा है तो वे निगम द्वारा निहित चैलेंज फीस जमा कर अपने मीटर की जांच करा सकते हैं।

# बीमा कंपनियां इस बार किसानों से नहीं कर सकेंगी धोखाधड़ी : बादल



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने झारखंड में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए कृषि बीमा करने वाली कंपनियों को चेताया है। कहा है कि पिछली बार कृषि बीमा करने वाली कंपनियों ने मुआवजा देते के वक्त धोखाधड़ी की थी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। इस बार नई शर्तों के साथ बीमा कंपनियां काम करेंगी।राज्य में सुखाड़ की स्थिति को लेकर मंत्री ने कहा कि राज्य के सिर्फ 4 जिलों में सामान्य बारिश हुई है, जबकि 19 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। वहीं चतरा जिला में बिल्कुल सूखा है। राज्य में कुल 47% खरीफ की रोपाई और बुआई हुई है, जो औसत से 53 फीसदी कम है। यह चिंतनीय बात है कि पहले राज्य में जहां तीन-चार वर्षों के अंतराल में सुखाड़ होता था, वहीं अब पर्यावरण असंतुलन की वजह से लगातार यह दूसरा वर्ष है, जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

# हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** श्री श्याम मित्र मंडल रांची के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 62 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का श्रद्धा के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज को विभिन्न फूलों की मालाओं से सजाया गया । मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके मंदिर में निर्मित केसरिया खीर केसरिया पेड़ा गुड़ चना व विभिन्न फलों का भोग अर्पित कर झारखंड राज्य को सुखाड़ से बचाने का निवेदन किया । नारनोली ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रवण

ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा अर्पित की। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ-कड़ताल ऑर्गन के सुरताल के साथ श्री गणेश वंदना करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया और करवाया। इसके बाद श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया गया ।उपस्थित सैकड़ों भक्तजनों ने सामूहिक रूप से पाठ किया। मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी से हरमू रोड व श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। बजरंग बली की जयघोष की जा रही थी। श्री सुंदरकांड के पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। पाठ समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संकीर्तन किया गया। महाआरती करके भक्तजनों को सभी प्रकार का प्रसाद वितरित किया गया ।इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया गौरव अग्रवाल मोनू अनिल नारनौली स्नेह पोद्दार श्याम सुंदर जोशी अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जनमंच के सदस्यों ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को ज्ञापन दिया

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** रिवोल्ट -जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्य सचिव झारखंड श्री सुखदेव सिंह से झारखंड में खेल मैदानों को बचाने के लिए अनुरोध किया गया है। मुख्य सचिव ने जनमंच के सदस्यों को आश्वासन दिया है कि पर्यावरण संरक्षण एवं खेल मैदानों के बचाव के लिए आगामी दिनों में आवश्यक कार्ययोजना बनाकर काम किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा मोराबादी सहित समस्त झारखंड के मैदानों को बचाने से सबंधित कार्ययोजना बनाकर काम किया जाएगा। उन्होंने रांची रिवोल्ट जनमंच एवं मैदान बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा कोविड- 19 के राष्ट्रीय आपदाकाल के दौरान किए गए जनजागरण अभियान की सराहना की एवं भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त आर्सेनिक एल्बम 30 के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों लोगों के मध्य दवा वितरण के काम की भी सराहना की। आज इस अवसर पर रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक सह अधिवक्ता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू, विजय दत्त पिंटू, अभिषेक कुमार मिंकु, सुनील टोप्पो, संजय शौर्य, मो. नदीम अख़्तर, मुन्ना यादव, विजय सिंह, सूरज सिन्हा समेत मैदान बचाओ संघर्ष समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आर्थिक रूप से कमजोर 21 विद्यार्थियों को राज्यपाल ने प्रदान किया लैपटॉप

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज भवन में मंगलवार को ह्यअनंत प्रयासह्ल संस्था के सहयोग से बीआईटी सिंदरी में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान 21 विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के अथक परिश्रम एवं त्याग का ही परिणाम है कि आज हमारे देश में उच्च स्तर के संस्थान उपलब्ध हैं, और आप वहां उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बीआईटी सिंदरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां के विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी प्रतिभा से उच्च संस्थानों में कार्य कर रहे हैं। यह उनकी अपने शिक्षण संस्थान के प्रति निष्ठा ही है कि वह अपने संस्थान को नहीं भूले हैं, और अनंत प्रयास संस्था के माध्यम से यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को लैपटॉप उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। इनसे प्रेरित होकर अन्य लोगों एवं बोकारो महिला समिति द्वारा भी विद्यार्थियों को लैपटॉप उपलब्ध कराया गया है। इस पुनीत कार्य के लिए सभी बधाई के पात्र हैं।राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि जिस प्रकार आपको शिक्षण के लिए सहायता प्राप्त हो रहा है, अपेक्षा है कि आप भी उसी प्रकार शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात समाज की मदद करेंगे। मदद के बिना कई प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए अत्यावश्यक सुविधा नहीं मिल पाती है, और समाज उनकी प्रतिभा के लाभ से वंचित रह जाता है। अतः हम सबका दायित्व है कि हम न सिर्फ समाज एवं राष्ट्र बल्कि मानवता के प्रति भी हर संभव योगदान दें।राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में विगत दिनों आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं, जिनका समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्साहवर्धन से हमारे वैज्ञानिकों ने अत्यल्प समय में कोविड का टीका विकसित किया। प्रधानमंत्री ने विश्व के कई देशों को निःशुल्क टीका उपलब्ध करा कर विश्वबंधुत्व व मानवता की भावना का परिचय दिया। उनके नेतृत्व में हमारा देश वर्तमान में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।बता दें कि रांची बीटसा (बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ सिंदरी एजुमनी एसोसिएशन) की शाखा अनंत प्रयास के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर 23 छात्रों को लैपटॉप राज्यपाल के कर कमलों से उपलब्ध कराया गया। इस संस्था द्वारा अबतक 193 लैपटॉप का वितरण किया गया है।

उपचुनाव डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर सुरक्षा रहेगी कड़ी

# जैप, आईआरबी और एसआईआरबी के 1440 जवानों की होगी प्रतिनियुक्ति

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर 5 सिंतबर को वोटिंग होनी है। इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जैप,आईआरबी और एसआईआरबी के 1440 जवानों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जैप, आईआरबी और एसआईआरबी के सभी वाहिनियों से कुल 20 इको कंपनी का गठन किया गया है। सभी इको कंपनी में 72 जवान होंगे। इसे लेकर डीआईजी जैप के द्वारा सभी वाहिनी के कमांडेंट को आदेश दिया गया है कि अपने-अपने वाहिनी मुख्यालय में सभी सुरक्षा उपकरण, मैन पैक, मेडिकल किट और मेस व्यवस्था के साथ तैयार रहेंगे। ताकि अल्प सूचना पर चुनाव ड्यूटी के लिए प्रस्थान कराया जा सके।

# कार सवार बदमाशों ने जमीन कारोबारी से मांगी तीन लाख की रंगदारी

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**राजधानी रांची के कांके इलाके में सोमवार की शाम को कार सवार बदमाशों ने जमीन कारोबारी तबरेज अंजरी से तीन लाख की रंगदारी मांगी। जमीन कारोबारी ने विरोध किया तो बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर दिया।बताया जा रहा कि आफताब आलम और शाहिद अपने साथियों के साथ जमीन कारोबारी तबरेज अंसारी से तीन लाख की रंगदारी मांगी थी। तबरेज कांके इलाके के सुकुरहटू गांव का रहने वाला है। वहीं रंगदारी मांगने वाला आफताब आलम और शाहिद भी कांके इलाके के ही रहने वाले है। तबरेज ने मामले की जानकारी कांके थाने की पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है।कांके थाने की पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि कार सवार बदमाशों का संबंध तबरेज अंसारी के साथ पूर्व में कैसा रहा है। फिलहाल इन सभी बिंदुओं पर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है और इस मामले के पीछे का क्या कारण है इसका पता लगाया जा रहा है।


